चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 93, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 02 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

रंगदारी, फिरौती अब यूपी नहीं किसी की बपौती। ना भाई-बहन की जोड़ी, ना बुआ-बबुआ की चलेगी जोड़ी: सीएम

कर्फ्यू न दंगा, यूपी में सब चंगा: योगी

मुरादाबाद। रंगदारी, फिरौती अब यूपी नहीं किसी की बपौती। ना भाई-बहन की जोड़ी, ना बुआ-बबुआ की चलेगी जोड़ी। उप्र को इन्होंने बर्बाद कर दिया। उप्र इनकी बपौती नहीं हैं, उत्तर प्रदेश तो इस जनता जनार्दन की बपौती है। सेव यूपी, स्वच्छ यूपी, नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में सब चंगा। यह बातें सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को मुरादाबाद में लाइनपार स्थित रामलीला मैदान में स्थानीय निकाय चुनाव के प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। सोमवार को मुरादाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निर्धारित समय से डेढ़ घंटा विलंब से पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक समय ऐसा था जब विश्वप्रसिद्ध पीतलनगरी बंदी के कगार पर थी। केंद्र में और उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुरादाबाद के पीतल की चमक दुनिया भर में तेजी से चमकी है। आज पीतलनगरी देश का औद्योगिक हब बन गई है, वहीं पीतलनगरी स्मार्ट सिटी बन गई है। मुरादाबाद की वर्षों पुरानी मांग थी कि मुरादाबाद के पास अपना विश्वविद्यालय नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस बार के बजट में मुरादाबाद में राज्य विश्वविद्यालय खोलने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दुनिया में जब भी संकट आता है तो पूरी दुनिया भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर आशा भरी निगाहों से देखती है। सीएम योगी ने आगे कहा कि 6 वर्षों से उत्तर प्रदेश में दंगा नाम का शब्द सुनाई नहीं दिया है। उत्तर प्रदेश में अब दंगा नहीं होता, उपद्रव नहीं होता। उत्तर प्रदेश में अब उत्सव होते हैं,

दीपोत्सव होते हैं, रंगोत्सव होते हैं, देव दीपावली मनाई जाती है, कांवर यात्रा पर पुष्प वर्षा की जाती हैं। उत्तर प्रदेश अब जाति के नाम पर नहीं बंटेगा, परिवारवाद के नाम पर नहीं बंटेगा। उत्तर प्रदेश अब विकास के नाम पर, रोजगार के नाम पर आगे बढ़ रहा है। हमारे युवाओं, हमारे व्यापारियों, हमारी बहन-बेटियों को तय करना है कि सत्ता क्या करेगी। उत्तर प्रदेश में विकास की जो गंगा बह रही है, यह डबल इंजन सरकार का ही करिश्मा है डबल इंजन सरकार द्वारा खर्च किए जा रहे पैसे का सही सदुपयोग हो सके, इसके लिए ट्रिपल इंजन की जरूरत है। नगर निकाय चुनावों में ट्रिपल इंजन की सरकार बनवाएं। ट्रिपल इंजन की सरकार विकास को 4 गुना कर देगी, आठ गुना कर देगी। जनसभा का संचालन उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य गिरीश वर्मा एडवोकेट ने किया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल व उनके पति अंकुर अग्रवाल ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पंचमुखी हनुमान की प्रतिमा भेंट की। मंच पर भाजपा महापौर प्रत्याशी के अलावा जनपद की सभी नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी भी उपस्थित रहे। चुनावी जनसभा को मुख्यमंत्री से पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी सतपाल सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद, महानगर प्रभारी वाई पी सिंह, भाजपा महापौर प्रत्याशी विनोद अग्रवाल, नगर विधायक रितेश गुप्ता, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, भाजपा महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह चौहान आदि जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार जरूरी : सीएम

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ जिले में एक नगर पालिका और 18 नगर पंचायत अध्यक्ष और सभासद उम्मीदवारों के समर्थन में सोमवार को राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के नगर निकाय चुनाव में भाजपा शानदार जीत दर्ज करेगी। जीआईसी के खचाखच भरे मैदान में करीब पौने चार बजे पहुंचे सीएम योगी ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए भाजपा प्रत्याशियों को जिताने का आह्वान किया। राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में सोमवार को आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नगर निकाय चुनाव में भाजपा शानदार जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार जरूरी है। अब प्रदेश में दंगा नहीं होता, बल्कि कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा होती है। प्रतापगढ़ में मेडिकल कॉलेज बनवाया गया है। यह कभी किसी ने नहीं सोचा था। बिना भेदभाव के जनता को बिजली, पेयजल और रसोई गैस का कनेक्शन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को रोजगार और किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है और इसका लाभ भी लोगों को मिल रहा है। विकास की प्रक्रिया में डबल इंजन की सरकार कैसे कार्य कर रही है, यह जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। विकास कार्य और योजनाओं के लाभ में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं हो रहा है।

14 पाकिस्तानी मैसेंजर ऐप को किया बैन

संदेश भेजने के लिए आतंकी करते थे इस्तेमाल

नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी ऐप के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने आईबी के इनपुट पर पकिस्तान से संचालित 14 मैसेंजर ऐप को बैन कर दिया है। बताया जा रहा है कि आतंकी इन मोबाइल मैसेंजर ऐप का इस्तेमाल संदेश फैलाने और पाकिस्तान से संदेश प्राप्त करने के लिए करते थे।

14 मोबाइल मैसेंजर एप्लिकेशन को किया बैन: दरअसल, खुफिया एजेंसियों से इनपुट मिलने के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के 14 मोबाइल मैसेंजर एप्लिकेशन को ब्लॉक कर दिया है। सूत्रों ने कहा इन एप का इस्तेमाल जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर आतंक फैलाने के लिए किया जाता था।

बातचीत को ट्रैक करने के दौरान हुआ खुलासा: सूत्रों के मुताबिक, इन एप्लिकेशन का इस्तेमाल कश्मीर में आतंकवादी अपने समर्थकों और ऑन-ग्राउंड वर्कर्स के साथ संवाद करने के लिए करते थे।

फर्जी दस्तावेज प्रकरण में आसाराम को जमानत

जोधपुर: यौन शोषण के दोष में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे आसाराम को सोमवार को फर्जी दस्तावेज प्रकरण में राजस्थान हाई कोर्ट ने जमानत दे दी। मगर उम्र कैद की सजा काट रहा आसाराम जेल से बाहर नहीं आ पाएगा। न्यायमूर्ति कुलदीप माथुर ने इस मामले में सुनवाई करते हुए जमानत के आदेश दिए। अधिवक्ता नीलकमल बोहरा व गोकुलेश बोहरा ने आसाराम का पक्ष रखा था।

क्या था मामला: उल्लेखनीय है कि साल 2017 में सुप्रीम कोर्ट में आसाराम की ओर।

तलाक के लिए छह महीने का इंतजार अनिवार्य नहीं

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने सोमवार को कहा कि शादी अगर टूटने की कगार पर है तो वह अपनी तरफ से तलाक का आदेश दे सकती है। पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिली विशेष शक्ति का इस्तेमाल कर अदालत यह आदेश दे सकती है। न्यायमूर्ति एस के कौल की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि आपसी सहमति से तलाक के लिए लागू 6 महीने इंतजार की कानूनी बाध्यता भी जरूरी नहीं होगी। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत को संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत पूर्ण न्याय करने का अधिकार है। बेंच में जस्टिस संजीव खन्ना, ए एस ओका, विक्रम नाथ और जे के माहेश्वरी भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि हमने अपने निष्कर्षों के अनुरूप यह माना है कि इस अदालत के लिए विवाह के अपरिवर्तनीय टूटने के आधार पर विवाह को भंग करना संभव है। यह सार्वजनिक नीति के विशिष्ट या मौलिक सिद्धांतों का उल्लंघन नहीं करेगा।

क्या था मूल मुद्दा?

संविधान पीठ के पास भेजे गए मामले में मूल मुद्दा यह था कि क्या हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13बी के तहत आपसी सहमति से तलाक के लिए अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि को समाप्त किया जा सकता है। हालांकि, सुनवाई के दौरान पीठ ने इस मुद्दे पर विचार करने का निर्णय लिया कि क्या विवाहों को अपरिवर्तनीय टूटने के आधार पर भंग किया जा सकता है।

देशद्रोह कानून : मानसून सत्र में प्रस्ताव लाएगी केंद्र सरकार!

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने देशद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार को स्थगित कर दी। सुनवाई के स्थगित होने का मुख्य कारण केंद्र की वो दलील रही, जिसमें उसने कहा कि वो दंडात्मक प्रावधान आईपीसी की धारा 124ए की समीक्षा के अंतिम चरण में है।

कानून की समीक्षा अंतिम चरण में: दलीलें देते हुए केंद्र ने दंडात्मक प्रावधान की संवैधानिक वैधता को भी चुनौती दी। केंद्र का पक्ष रखते हुए वेंकटरमणि ने कहा कि परामर्श प्रक्रिया अग्रिम चरण में है और इसके संसद में जाने से पहले सुप्रीम कोर्ट को दिखाया जाएगा। उन्होंने पीठ से आगे आग्रह किया कि कृपया मामले को संसद के मानसून सत्र के बाद आगे की सुनवाई के लिए पोस्ट किया जाए। इस बात से माना जा रहा है कि सरकार मानसून सत्र के बाद कानून में बदलाव का प्रस्ताव ला सकती है, जिसके लिए उसने कोर्ट से समय मांगा है।

अगस्त में होगी अगली सुनवाई: मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पदीवाला की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी की दलील पर गौर किया कि सरकार ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124ए की फिर से जांच करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई अगस्त के दूसरे सप्ताह में मुकर्रर की।

मामले में सात न्यायाधीशों की पीठ गठित करने की मांग: सुनवाई की शुरूआत में वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने पीठ से मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए सात न्यायाधीशों की एक पीठ गठित करने का आग्रह किया। बेंच ने कहा कि अगर मामला सात जजों के पास भी जाना है ।

गोरखपुर में ट्रैफिक पुलिस की जरूरत नहीं, यहां सांड ट्रैफिक संभाले हुए हैं

सीएम अपने मुकदमे वापस न लेते तो नंबर-1 होते: अखिलेश

गोरखपुर: निकाय चुनाव को लेकर सभी दल ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं। सपा सप्रीमो अखिलेश यादव रविवार को गोरखपुर पहुंचे। अखिलेश ने सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा, "आज ये लोग माफियाओं की चार्जशीट और मुकदमों की सूची दिखा रहे हैं। असल मुद्दों से भटकाने के लिए लोगों को हिंदू-मुस्लिम में उलझाए हुए हैं। अगर मुख्यमंत्री ने अपने मुकदमे वापस न लिए होते तो कितनी बड़ी सूची होती। गोरखपुर का नंबर:1 कौन होता?" अखिलेश ने कहा,

"'गोरखपुर में ट्रैफिक पुलिस की कोई जरूरत नहीं है। यहां सांड खुद ही ट्रैफिक संभाले हुए हैं। कई बार यहां की तस्वीर भी सामने आती रही है। सड़कों पर सांड घूम रहे हैं। यह किसकी जिम्मेदारी है? लेकिन, मुख्यमंत्री जी इस पर बात नहीं करते। इसलिए सवाल करना जरूरी है।"

'मेट्रो का स्टेशन कहां बन रहा है': अखिलेश ने कहा, "यूपी में ऐसी सरकार, जो 6 साल के कार्यकाल में ना नाला बना पाई हो, पानी निकास का इंतजाम न करा पाई हो, जो विकास का इंतजाम नहीं कर पाई हो, वो पार्टी कैसे उम्मीद करती है कि उनके पक्ष में मतदान होगा। गोरखपुर के लोगों को मैं याद दिलाना चाहता हूं कि यह वही मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने कहा था ।

नरेन्द्र मोदी पर है देश को भरोसा: गिरिराज सिंह

बेगूसराय। केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि आनंद मोहन की आड़ में कितने और किन लोगों को छोड़ा गया, यह जनता जानती है। सरकार ने यह बहुत गलत निर्णय लिया है। इस मामले में कोर्ट अपना काम करेगी। सोमवार को बेगूसराय में आयोजित प्रेस वार्ता में गिरिराज सिंह ने कहा कि गांधी मैदान में बागेश्वर धाम की सरकार को रोकने का कारण है कि बिहार में अतीक जी कहने वालों की सरकार है। ईद में अतीक को शहीद का दर्जा मांगने की इजाजत देने वालों की सरकार है। मुस्लिम धर्म का प्रचार करने के लिए गांधी मैदान दिया जाएगा। लेकिन हिंदू धर्म को गुरु को नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बागेश्वर महाराज को भले ही गांधी मैदान में घुसने नहीं दें लेकिन उनका कथा-प्रवचन होगा। किसी में उन्हें पटना आने से रोकने की हिम्मत नहीं है। बिहार की सरकार विकास के बदले जोड़-तोड़ की राजनीति में ज्यादा लगी रहती है।

चारधाम यात्रा: धामी ने व्यवस्थाओं के बारे में पीएम को कराया अवगत

पीएम मोदी मिले सीएम धामी, चारधाम का प्रसाद और गंगाजली की भेंट

नई दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का प्रसाद, गंगा तुलसी, गंगोत्री, यमुनोत्री, अलकनंदा और मंदाकिनी का गंगाजल और रुद्राक्ष की माला भी भेंट की। साथ ही उत्तराखंड के विकास में उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया । करीब डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के विकास से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे हैं। जोशीमठ में केंद्र सरकार के सहयोग से राहत कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वहां पर स्थिति सामान्य है। प्रधानमंत्री ने जोशीमठ के संदर्भ में केंद्र सरकार से हर संभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से माह अक्टूबर/नवम्बर 2023 में राज्य में प्रस्तावित इन्वेस्टर समिट के उद्घाटन के लिए समय दिए जाने का भी अनुरोध किया।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के बेटे ने मोदी को नालायक कहा

बेंगलुरु: कर्नाटक विधानसभा चुनाव के कैंपेन में नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी है। 27 अप्रैल को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जहरीला सांप बताया था। खड़गे के बयान के 4 दिन बाद अब उनके बेटे और कांग्रेस विधायक प्रियांक खड़गे ने प्रधानमंत्री को नालायक कहा है। प्रियांक खड़गे ने सोमवार कलबुर्गी में बंजारा समुदाय के कार्यक्रम में कहा- मोदी प्रधानमंत्री हैं, आपकी आलोचना तो होगी ही।

नगर पंचायत सिरसा से
आम आदमी पार्टी के
अध्यक्ष पद प्रत्याशी
धैर्य प्रकाश गुप्ता (शक्तिमान-एम0ए0)
चुनाव चिन्ह झाड़ू

गारंटी कार्ड:-
मो0: 9935655517

1- सिरसा को यूपी का पहला स्मार्ट टाउन एरिया बनाने का प्रयास करेंगे।
2- सिरसा की जर्जर पाइप लाइन बदलकर नई पाइप लाइन बिछाने की व्यवस्था करेंगे।
3- आधुनिक नालियों का निर्माण कराया जाएगा।
4- सिरसा में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के मद्देनजर हर चौराहे पर सीसीटीवी की व्यवस्था की जाएगी।
5- नई सड़को का निर्माण व पुरानी सड़को का नवीनीकरण कराया जाएगा।
6- चौराहे के पास महिला शौचालय की व्यवस्था की जाएगी।
7- सिरसा में गंगा स्नान के लिए पक्का घाटों का निर्माण कराया जायेगा।
8- सिरसा नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाले तलाबों का सौंदर्यीकरण कराया जायेगा।
9- पूरे सिरसा में वाई-फाई की सुविधा की जाएगी।
10- हर एक वार्ड में कूड़ेदान की व्यवस्था की जाएगी।
11- नगर पंचायत में आवरा पशुओं के लिए बाड़ो का निर्माण कराया जाएगा।
12- वॉटर टैक्स माफ कराया जाएगा।

लेडी डॉन पासी ने अतीक की बेगम को दी पनाह!

मुसीबत की घड़ी में हमेशा रही साथ; अब मुकरी

प्रयागराज: माफिया अतीक अहमद और उसके भाई की हत्या और बेटे असद की पुलिस एनकाउंटर में मौत के बाद से यूपी में उसका गैंग खत्म हो चुका है। लेकिन अतीक की बेगम शाइस्ता परवीन की तलाश अभी भी पुलिस और एसटीएफ को है। इस बीच खबर आ रही है कि लेडी डॉन मुंडी पासी इस मुसीबत की घड़ी में शाइस्ता की मदद कर रही है। हालांकि मुंडी पासी ने मदद करने की बात से साफ इनकार किया है। मुंडी ने कहा की शाइस्ता से मेरा कोई लेना देना नहीं है। उसने मुझे चुनाव के बहाने अपने पास बुलाया था। यहां तक कि अतीक ने मेरे भाई की हत्या की थी। दूसरी तरफ पुलिस सूत्रों के मुताबिक

चार दिन पहले शाइस्ता प्रयागराज में मौजूद थी। जब पुलिस छापेमारी के लिए गई तो वह बुर्के पहने महिलाओं की भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गई।

महिला हिस्ट्रीशीटर है मुंडी पासी: अपराध की दुनिया में लेडी डॉन के तौर पर पहचान बना चुकी मुंडी पासी धूमनगंज थाने की हिस्ट्रीशीटर रही है। अब उमेश पाल हत्याकांड में मुंडी पासी की भूमिका सामने आ रही है। महापौर चुनाव प्रचार के दौरान पिछले दिनों अतीक की पत्नी शाइस्ता के साथ पांच लाख रुपये के इनामी साबिर के अलावा बली पंडित भी देखा जा चुका है। इस हत्याकांड के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर साबिर को राइफल से गोलियां बरसाने वाले शख्स के रूप में चिह्नित किया गया है।

आंधी से गिरा पीपल का पेड़, स्टेशन रोड बाधित

तेज आंधी से बिजली विभाग के आधा दर्जन से अधिक खंभे भी टूटे

अखंड भारत संदेश

नैन। नैनी क्षेत्र के स्टेशन रोड पर सोमवार की शाम तेज हवा और आंधी से भारी भरकम पीपल का पेड़ बीच सड़क पर गिर गया। जिससे स्टेशन से लेप्रासी जाने वाला मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। वहीं पेड़ गिरने की वजह से बिजली विभाग के आधा दर्जन से अधिक खंभे भी इसके चपेट मे आने से क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस ने व विद्युत विभाग की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद पेड को सड़क से किनारे हटवाया तब जाकर मार्ग सुचारू हो सका। इसीक्रम में मलहरा रेलवे फाटक के पास दुर्गा मंदिर के समीप बिजली विभाग का एक खंभा वहां खड़ी कार पर गिर गया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार मालिक गोलू केसरवानी के मुताबिक तेज आंधी के कारण खंभा कार पर गिर गया आंधी से गिरा पीपल का पेड़, स्टेशन रोड बाधित तेज आंधी से बिजली विभाग के आधा दर्जन से अधिक खंभे भी टूटे।

जसरा में तेज आंधी से बाजार में गिरा पेड़, बिजली आपूर्ति बाधित



जसरा। देर शाम चले तेज आंधी से जसरा बाजार में पेड जड़ से टूटकर तार पर गिर गया। नीचे खड़ी ट्रक चपेट में आई । देर शाम अचानक तेज आंधी चलने लगी। देखते ही देखते प्रचंड आंधी में बदल गया। जसरा बाजार में लकड़ी के टाल पर एक बड़ा पेड़ टूट कर बिजली के तार पर गिर गया। उसके नीचे खड़ी ट्रक भी चपेट में आ गई। आंधी निकल जाने की काफी देर बाद भी बिजली विभाग के कर्मचारियों ने नहीं हटाया तथा पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली कटौती से पेयजल के रूप में भी घोर संकट खड़ा हो जाएगा। वहीं तातारगंज में घर का टीन शेड के उड़ने से गांव का एक किशोर घायल हो गया जिसे उपचार के लिये जसरा लाया गया है।

आकाशीय विजली गिरने से दो मजदूर की मौत, दो गंभीर रूप से झुल से

सिरसा। मेजा क्षेत्र के सोमवार शाम को तूफान के साथ तेज बारिश हुई इस दौरान ओले भी पड़े इस बीच आकाशीय बिजली गिरने से थाना मेजा सिरसा चौकी अंतर्गत ग्राम परानीपुर एसकेएस के भट्टा पर काम कर रहे मजदूर सुरज पुत्र संतोष, लाकेश्वरी पत्नी बसावाल की आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर हुई मौत वहीं दिनेश पुत्र रामखेलावन, बसावाल पुत्र रामनिवास बुरी तरह सुलझा इलाज के लिए निजी वाहन से रामनगर ले जाया गया है। जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक चार लोग भट्टा पर काम कर रहे थे अचानक बारिश होने लगी तो भट्टा पर ही पर रुक गये इसी बीच आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत हो गई और लगभग दो घायल बताई जा रही है। जैसे ही यह खबर परिजनों को मिली तो पूरे गांव में और परिवार में कोहराम मच गया गांव के लोगों द्वारा मेजा पुलिस को सूचना दी गई और परिजनों का रो कर बरा हाल हो गया है।

जंघई जंक्शन का निरीक्षण करने पहुंची सीनियर डीसीएम एवं डीआरएम लखनऊ मंडल

जंघई। सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा एवं डीआरएम सुरेश कुमार सपरा लखनऊ मंडल सोमवार को शाम 5 बजे विशेष सैलून से जंघई स्टेशन पर पहुंचे और स्टेशन का निरीक्षण किया। अमृत भारत योजना के तहत इस समय जंघई जंक्शन का कायाकल्प हो रहा है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सुरेश कुमार सपरा फाटक संख्या 20 सी का निरीक्षण करके वापस लौट गये जबकी सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा एक घंटे तक जंघई स्टेशन पर हो रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया जिसमें बन रहे सकुर्लेटिंग एरिया, पावर केबिन, यात्री प्रतिक्षालय, आरपीएफ, जीआरपी भवन, प्लेटफार्म नंबर एक, दो, तीन, चार, पांच का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिया। पत्रकार वार्ता में बताया कि जंघई जंक्शन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित है इसे और सुंदर बनाया जाएगा यहां और क्या क्या सुविधाएं बढ़ाई जा सकती है उसी का निरीक्षण करके और अच्छा बनाया जाएगा।निरीक्षण के दौरान पीआरओ विक्रम शंभू, स्टेशन अधीक्षक वकील सिंह, सीएमई धनंजय सिंह, आईडब्ल्यू रामजी गुप्ता, आरपीएफ इंस्पेक्टर अशोक कुमार, एसआई दीपक कुमार, दिनेश पांडेय, पीडब्लूआई ज्ञानेंद्र मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत अल्हवा में मनाया गया श्रमिक दिवस

श्रमिकों की कल्याणकारी योजनाएं सरल विधि से मिले : शहजादे

कोराव। कोराव के ग्राम पंचायत अल्हवा तथा मिस्किन सेवा संस्थान ट्रस्ट कार्यालय कोरांव में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी जिला सतर्कता समिति बंधुआ श्रमिक उन्मूलन श्रम विभाग प्रयागराज के सदस्य तथा मिस्किन सेवा संस्थान ट्रस्ट के प्रबंधक/सचिव सोशल एकटविष्ट एवं अखिल भारतीय प्रधान संगठन प्रयागराज मंडल मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे की सदारत में आयोजित हुई। गोष्ठी में श्रमिकों की हौंसला अफजाई की गई तथा विचार व्यक्त किए गए। श्री शहजादे ने कहा कि श्रमिकों का राष्ट्र निर्माण में बहुत बड़ा योगदान है। इन्ही के बदौलत सरकारी, गैर सरकारी प्रतिष्ठानों का निर्माण और विकास होता हैं और हुआ भी। उन्होंने कहा कि श्रमिकों द्वारा चलाई गई क्ल्यांजारी योजनाएं निष्पक्ष रूप से सरल प्रक्रिया के अनुसार मिलनी चाहिए,जिससे आसानी से योजनाओं का लाभ मिल सके। शहजादे ने कहा कि श्रमिक तबका अधिक तर अनपढ़ होता है। किंतु श्रम विभाग द्वारा चलाई गई योजनाएं इतनी जटिल और इतनी कड़ी प्रक्रिया से आवेदन लिए जाते हैं जिससे श्रमिक ब्लॉक, तहसील, श्रमिक कार्यालय के चक्कर लगा कर थक हार कर बैठ जाता है। जिससे श्रमिक योजनाओं का लाभ बहुतायत पंजीकृत गैर पंजीकृत श्रमिक समुदाय को नहीं मिल पाता। जिससे सरकार की भी किरकिरी होती है। शहजादे ने सरकार और उनके नुमाइंदों से श्रमिकों के हितार्थ विशेष ध्यान देने और नियम समिति से गरीब मजदूरों के हित में सहयोग और सरकार के समक्ष प्रस्ताव रखने की वकालत की। और श्रमिकों के उज्ज्वल भविष्य कामनाएं की। गोष्ठी में नारी शक्ति के रूप में महिला श्रमिकों और पुरुषों ने हिस्सा लिया। राजेश कुमार सिंह, मनीष वर्मा, प्रेमकली, रीता देवी, सुनीता सिंह, कमला शंकर, बिटोला देवी, सहित कई लोग मौजूद रहे।

कौन बनेगा कोरांव का अगला नगर पंचायत अध्यक्ष

मतदाताओं की चुप्पी से प्रत्याशी भ्रमित, कर रहे अपनी-अपनी जीत का पक्का दावा

सपा प्रत्याशी पूजा चतुवेर्दी

भाजपा प्रत्याशी नरसिंह केशरी

अखंड भारत संदेश

पसना। नगरीय निकाय चुनाव के संग्राम में जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर दक्षिणांचल में स्थित को राव नगर पंचायत में अध्यक्ष पद का चुनाव बड़े ही रोमांचक दौर में पहुंच चुका है,मतदान में मात्र 2 दिन शेष है लेकिन सभी प्रत्याशियों के अपनी-अपनी जीत के दावे मतदाताओं की चुप्पी से भ्रम पैदा कर रहे हैं। लगभग 35 वर्ष पुरानी नगर पंचायत में इस वर्ष अध्यक्ष का पद अनारक्षित है, जिसके कारण भाजपा से निवर्तमान चेयरमैन नरसिंह केसरी आम आदमी पार्टी से पुष्पराज सिंह समाजवादी पार्टी से एकमात्र महिला प्रत्याशी पूजा चतुवेर्दी के साथ-साथ पूर्व में लगातार 10 वर्षों तक अध्यक्ष रहे स्वर्गीय सुषमा केसरी के पति ओमप्रकाश केसरी एवं अवध नारायण तिवारी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। बनिया एवं मुस्लिम मतदाता बाहुल्य नगर पंचायत कोरांव में सभी दलों की निगाह इन्हीं जातियों के मतों पर लगी है अब देखना यह है कि आगामी 4 मई को ऊंट किस करवट बैठता है। भारतीय जनता पार्टी के चुनाव का नेतृत्व स्थानीय विधायक राजमणि कोल अपनी टीम के साथ पूरे मनोयोग से कर रहे हैं, विधायक के डोर टू डोर जनसंपर्क से मतदाता भाजपा की नीतियों से प्रभावित हो रहे हैं,सांसद रीता जोशी भी अपने उम्मीदवार के पक्ष में रविवार को रोड शो कर चुकी हैं। भाजपा से कोरांव के ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल अपने प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार में दिन रात एक किए हैं। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार पूजा चतुवेर्दी सभी प्रत्याशियों के बीच अकेली महिला उम्मीदवार हैं वह भी अपने पति राजू चौबे की राजनीतिक पहचान के बदौलत पूरी ताकत से चुनाव मैदान में डटी है, अल्पसंख्यक महिलाओं के बीच उन्हें महिला प्रत्याशी होने का भी लाभ मिल रहा है आम आदमी पार्टी पहली बार निकाय चुनाव में अपना उम्मीदवार उतारी है पार्टी समर्थकों एवं स्वच्छ राजनीति को पसंद करने वाले मतदाताओं से इन्हें भरपूर समर्थन की उम्मीद है। चुनावी सफर में भाजपा के टिकट की आस लगाए ओमप्रकाश केसरी टिकट न मिलने से अंतिम समय में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतरे हैं,सजातीय एवं अल्पसंख्यक मतदाताओं में अच्छी पकड़ होने के कारण जीत के दावे के साथ प्रचार में दिन रात पसीना बहा रहे हैं। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ही अवध नारायण तिवारी भी अन्य प्रत्याशियों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं कोरांव नगर के ग्रामीण वोटरों में इन्हें अच्छा समर्थन मिलने की उम्मीद है। अब देखना यह है कि वर्तमान चेयरमैन अपना कार्यकाल दोहरा पाते हैं या अन्य किसी प्रत्याशी को नगर पंचायत अध्यक्ष बनने का सौभाग्य प्राप्त होता है।

निकाय चुनाव : शांतिभंग की सूची में बडे बुजर्गें व विदेशों में रहने वालों का नाम शामिल

पुलिस ने बिना जांचे 107/116 की थमाई नोटिस, मतदाता हैरतजदा

मऊआइमा। नगर पंचायत मऊआइमा में प्रथम चरण में होने जा रहे चुनाव को सकुशल समपन्न कराने के लिए मऊआइमा पुलिस ने बडे बुजुर्गें और अरब देशों में रहने वाले तथा मऊआइमा छोड कर सपरिवार बाहर निवास करने वालों का नाम भी शांति भंग की लिस्ट में डाल दिया है। जिसे लेकर मतदाताओं में आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा के नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या नौ महतवाना में शांतिभंग के लिए 165 लोगों का नाम डाला गया है। जिसमें अब्दुल बाकी 65 वर्ष बुजुर्ग हैं। उन्हें दुनिया से कुछ मतलब नहीं है।,तथा मोहम्मद कलीम पुत्र मोहम्मद नईम ओमान में रह कर सिलाई का काम करते हैं। इसी प्रकार मोहम्मद अनस पुत्र मोहम्मद शरीफ,मोहम्मद अकील और उसका भाई मोहम्मद शकील पुत्रगण रिजवान उल्ला, कतर देश में रहते हैं। इसी क्रम में मोहम्मद राजू पुत्र इकबाल प्रयागराज में सपरिवार रहते हैं। जानू पुत्र इकबाल सपरिवार मध्यप्रदेश के जबलपुर में निवास करते हुए बीस साल से अधिक गुजर गया। उनका नाम भी शांतिभंग में डाला गया है। इसी प्रकार चौदह वार्डों में तमाम तरह की त्रृटियां की गई है। लोगों का कहना है कि यह सूची पुलिस ने नहीं बनाया बल्कि किसी अनाडी से बनवाया है। कुछ लोगों के पूरे परिवार का नाम भी शांतिभंग में डाल कर गया है। जिनको अपने कारोबार से से तनिक भी फुर्सत नहीं है। इस बाबत इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह का कहना है कि जिनका नाम गलत ढंग से आया हुआ है वह जांच करा कर कटवा देंगें। चिंता की कोई बात नहीं है।

आम आदमी पार्टी प्रत्याशी ने घर-घर जाकर किया जनसंपर्क

सिरसा। मेजा क्षेत्र के नगरपंचायत सिरसा आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रहे धैर्य प्रकाश गुप्ता (शक्तिमान-एम०ए०) ने मतदाताओं के बीच घर-घर जाकर वोट मांगे और डोर टू डोर प्रचार किया गया। धैर्य प्रकाश गुप्ता (शक्तिमान) ने कहा कि आम आदमी पर्टी नगर पंचायत सिरसा अध्यक्ष पद के लिए मुझे प्रत्याशी के रूप में घोषित किया है। आम जनता से यही कहना चाहता हूँ कि आम आदमी पार्टी की छबि को ध्यान में रखते हुए वोट करे। आम आदमी के प्रत्याशी ने धैर्य प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अगर मैं सिरसा नगर पंचायत अध्यक्ष बना तो सबसे पहले जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल प्रभाव से उसे खत्म करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। और जनता की छोटी-छोटी समस्याओं पर काम किया जाएगा और साथ ही साथ जनता की शिकायतों के प्रथिमिकता देते हुए निस्तारण किया जाएगा और सिरसा नगर पंचायत को स्मार्ट टाउन एरिया बनाने का प्रयास किया जाएगा एवं नगर पंचायत सिरसा के जनता और व्यपारियों को विकास के मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया जाएगा। और नौजवान बहनों और भाइयो को रोजगार करने का अवसर मिलेगा। मुख्य रूप से राम रतन विश्वकर्मा (प्रभारी काशी प्रान्त), पवन तिवारी (अध्यक्ष काशी प्रान्त), बसंत लाल बागी(जिलाध्यक्ष श्रम प्रकोष्ठ) प्रयागराज प्रयागराज दक्षिण ,रवि त्यागी ,मसूद अख्तर जिला सचिव श्रम प्रकोष्ठ प्रयागराज, निर्मल केसरी, रितेश सेठ नगर अध्यक्ष प्रयागराज, सौरभ सेठ,रितेश सेठ आदि लोग चुनाव प्रचार में उपस्थित रहे।

नगर पंचायत सिरसा

मुल्जिमानों की पूरी टोली गुनाह छिपाने के लिए भाजपा के खेमे में चर्चा का बना विषय

फरार आरोपी भी कार्यालय में तोड रहे हैं रोटी

मऊआइमा। मऊआइमा में विगत दिनों आपसी समझौता के लिए अपने घर में बुला कर बंधक बनाकर जम कर पीटा गया था। जिसमें आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि पुलिस से बचने के लिए मुल्जिमान भाजपा की शोभा बढा रहे हैं।हालांकि अधिकांश भाजपाई अनभिज्ञ हैं। जिसे लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दें मऊआइमा नगर पंचायत में चल रहे निकाय चुनाव में अपराधियों की इंट्री हो गई है। विगत दिनों सुलह के लिए अपने घर में बुला कर बंधक बना कर जमकर पीटा गया था। जिसमें आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। बताते हैं कि अब उक्त आरोपियों की टोली भाजपा के खेमे में जाकर अपना गुनाह छिपाने के लिए लगे हुए हैं। यही नहीं कल तक पुलिस को देख कर कोसों दूर भागते थे । अब खुलेआम भाजपा के मंच एंव जनसम्पर्क में देखे जा सकते हैं? चर्चा है कि शाम के समय अपने दरवाजे के सामने एकत्रित होकर महफिल सजा कर राजनीतिक गणित बनाते हैं। तथा अपने विपक्षी के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराने के लिए भाजपाइयों से मिलकर षडयंत्र रचने में लगे हुए हैं।। हालांकि अधिकांश भाजपाई इनके इन करतूतों को नहीं जानते हैं। चर्चा है कि अपना निजि स्वार्थ जैसे ही हल करेंगें ।तुरन्त दल बदल देंगें।

न्यूज झरोखा

कराटे प्रतियोगिता में दो सगी बहनों ने जीता स्वर्ण पदक

सहसों। क्षेत्र के गुलालपुर हेतापट्टी स्थित महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल में प्राथमिक स्तर की दो छात्राएं दोनों सगी बहने कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हांसिल कर विद्यालय, गुरुजनों, क्षेत्र एवं माता पिता का नाम रौशन किया। इंटरनेशनल जापान कराटे एसोसिएशन द्वारा धूमनगंज में रविवार को प्रदेश स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें सहसों क्षेत्र के मलाकमय भैसाही गांव निवासी कृष्ण कांत वर्मा की दो पुत्रियां संजना वर्मा और साक्षी वर्मा ने कराटे प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। जिसमें दोनों छात्राऐं बहनों ने कड़ी मेहनत व संघर्ष एवं लगन के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इस खुशी में विद्यालय के प्रधानाचार्य मूलचन्द भारतीया, प्रबंधक शिव प्रकाश त्रिपाठी, निदेशक कृष्णा तिवारी व भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रमेश कुमार द्विवेदी ने दोनों छात्राओं की इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई के साथ अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

दीवार तोड़ने से मना करने पर महिला की पिटाई कर एक हाथ तोड़ा दर्ज हुआ मुकदमा

मऊआइमा। दीवार तोड़ने से मना करने पर लाठी डंडा लेकर महिला का हाथ तोड कर अन्य महिला को लहुलुहान कर दिया गया। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम किरांव निवासनीय जन्नतुन निशां उर्फ जैबुन निशां पुत्री स्वर्गीय वाजिद अली का आरोप है कि उनके पडोस के विपक्षी एक राय होकर उसकी दीवार तोड रहे थे। मना करने पर लाठी, डंडा कुल्हाड़ी लेकर मुझे मार कर लहुलुहान कर दिए तथा परिवार की जुलेखा पत्नी मजहर अली, का हाथ तोड दिए। और नजमा बानों पुत्री मजहर अली को भी कुल्हाड़ी से मार कर बेहोश कर दिया गया।जैतुन निशां का आरोप है कि गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। सभी को जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जैतुन निशां उर्फ जैबुन निशां ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी कर किरांव निवासनीय सबरीन बानों, कैसर जहां, रहमत अली ,अजमत अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

निरंतरता और मेहनत से ही मिलती है सफलता: योगेंद्र सिंह

जसरा। श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा प्रयागराज के विद्यालय में सर्वाधिक अंक पाए मेधावियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डा०योगेंद्र सिंह ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि इसके लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरूरत होती है। साथ ही उन्होंने सभी मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रवक्ता कुलभूषण मिश्र,राजेश द्विवेदी, शैलेंद्र जायसवाल ,चंद्रशेखर ,रंग लाल यादव ,दयाशंकर सिंह ,विकास केसरी आदि अध्यापक मौजूद रहे।

अच्छे नम्बर से पास छात्रों को अभिवावकों ने किया सम्मानित

घूरपुर। क्षेत्र के पांडर गांव स्थित श्रीनाथ सत्यनारायण इंटर कॉलेज में सोमवार के दिन विद्यालय के मेधावी छात्रों व उनके अभिवावकों को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि अधिवक्ता आलोक त्रिपाठी ने बच्चों व उनके अभिवावकों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि अधिकांश विद्यालयों में मेधावी छात्रों को ही पुरस्कृत किया जाता है। उन मेधावी छात्रों के अभिवावकों को छोड़ दिया जाता है ,जिनके प्रयास व उनकी आशीष रूपी छाया में वे छात्र शिक्षा जैसे अमूल्य धन को प्राप्त करते है। आगे उन्होंने कहा कि अभिवावक अपने पाल्यो को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए असीमित कठिनाइयों से गुजरता है ,लेकिन उसकी इच्छा यही रहती है वह भले ही परेशान रहे लेकिन उसके बच्चे को खासकर पढ़ाई में कोई समस्या ना हो। इस लिए अभिवावकों को भी सम्मान मिलना जरूरी हो जाता है। कॉलेज के प्रबंधक श्याम सुंदर त्रिपाठी ने कहा कि मैं अपने विद्यालय के बच्चों को अपने निजी बच्चों की तरह ही देखता हूं ,मेरे विद्यालय से निकले बच्चे यदि देश और समाज मे आगे बढ़ेंगे तो निश्चित ही मुझे भी गर्व की अनुभूति होगी। विद्यालय के हाईस्कूल और इंटर के कुछ छात्र जो जिले की टॉप टेन सूची से कुछ अंकों से पीछे रह गए उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा वार मेधावी छात्रों व उनके अभिवावकों को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक त्रिपाठी ने किया ।इस मौके पर अनूप जायसवाल, प्रधानाचार्य हरविलास पांडेय, कृपाशंकर त्रिपाठी,संगम लाल तिवारी, अविनाश तिवारी ,सुधांशु मिश्र,रावेंद्र तिवारी,सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

इफको फूलपुर ठेका मजदूरों ने मनाया मजदूर दिवस

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ सम्बद्ध ऐक्टू द्वारा आज शाम 5 बजे बिरकाजी स्थित कार्यालय पर शिकागो के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मई दिवस को सम्बोधित करते हुए ऐक्टू राष्ट्रीय सचिव व इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ कमल उसरी ने कहा कि अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों ने 1886 में आत्मबलिदानी संघर्ष के जरिए आठ घंटे काम का दिन का आधिकार हासिल करने के लिए पहली बड़ी हड़ताल संगठित की थी। तब पूंजीपति अपने यहां कार्यरत मजदूरों से 12 से लेकर 16 घण्टे तक काम लेकर उनका भारी शोषण करते थे। इस ऐतिहासिक हड़ताल का वहां की पूंजीवादी सरकार ने भारी दमन किया। 3 और 4 मई को हड़ताली मजदूरों पर गोलियां चलाई गई। 6 मजदूर इस गोलीकांड में शहीद हुए तथा 200 से ज्यादा मजदूर घायल हुए। 7 प्रमुख

8 घण्टे की ड्यूटी को बढ़ाकर 10 से 12 घण्टे पुनः कर रही है सरकारे- डॉ कमल उसरी

मजदूर नेताओं को गिरफ्तार किया गया और एक बाद में स्वयं अपने साथियों का साथ देने के लिए कोर्ट में हाजिर हुए। जिनमें से मजदूर नेता अलवर्ट पार्सन्स, अगस्त स्पाइस, जार्ज एंजेल और अडालफ फिशर को 11नवंबर 1887 को फांसी पर लटका दिया गया । एक मजदूर नेता लूई लिंग ने पूँजीवादी सरकार की फांसी पर चढ़ने के बजाए पहले ही खुद को बम उड़ा लिया। सैमुअल फीलडन व माईकल शाअब को उम्र कैद की सजा दी गई। इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ मंत्री कॉम त्रिलोकी पटेल ने कहा कि आज के हालत 1886 से कम बदतर नहीं है। इन 137 वर्षों में दुनिया के मजदूरों ने अपने ऐतिहासिक संघर्ष और भारी कुर्बानियों के बल पर 8 घंटे की ड्यूटी, न्यूनतम वेतन कानून, सामाजिक सुरक्षा जैसे तमाम श्रम अधिकार हासिल किए थे, आज की पूंजीपति परस्त सरकारें उन अधिकारों को खत्म करने पर लगी हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों का लगातार निजीकरण किया जा रहा है। मजदूरों के वर्षों के संघर्ष से प्राप्त श्रमिक अधिकारों को खत्म कर रही है वर्तमान सरकार,मजदूर दिवस की अध्यक्षता कॉम विजय सिंह- अध्यक्ष -इफको फुलपुर ठेका मजदूर संघ व संचालन कॉम त्रिलोकी नाथ- मंत्री इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ ने किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से इफको फुलपुर ठेका मजदूर संघ उपाध्यक्ष- त्रिभुवन नाथ, कोषाध्यक्ष- फूलचंद प्रजापति, प्रचार मंत्री- जगदीश कुमार, कार्यालय मंत्री- राजनाथ सेकेंड, संगठन मंत्री- अमर सिंह, उपमंत्री मनोज कुमार, रामचंद्र गौतम, नान्हू दास, राजेश पटेल, श्याम बहादुर, कमल सिंह, बंशीलाल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों को किया गया सम्मानित : अंकिता खेड़ा

मेजा। श्रमिक दिवस के अवसर पर सेंट पीटर्स को-एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रबंधक ने अपने स्टाफ सदस्यों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य श्रमिक वर्ग द्वारा किए गए भारी मात्रा में किए गए प्रयासों का सम्मान करना और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में बताना और उन्हें शोषण से बचाना है। श्रमिक दिवस का प्राथमिक उद्देश्य श्रमिक वर्ग की कड़ी मेहनत और समर्पण को स्वीकार करना है। यह दिन विश्व स्तर पर मनाया जाता है। प्राचार्य अंकिता खेड़ा ने प्रमाण पत्र देते हुए विद्यालय के विकास में गैर शिक्षक कर्मचारियों के योगदान पर जोर दिया। उसने यह भी कहा कि उनके समर्पण का मूल्यांकन मौद्रिक संदर्भ में नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर बृजेश कुमार, दीपक कुमार, अजीत कुमार, सुशीला देवी, फूलकली देवी, मनोज तिवारी, साहेबान, अंबिका प्रसाद, भगवान दास, दारा, कबीला और राजेश कुमार सहित प्रमाण पत्र दिया गया।

खबर संक्षेप

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद

इलाहाबाद हाईकोर्ट से मुस्लिम पक्ष को झटका, याचिका खारिज की

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्म भूमि कटरा केशवदेव के नाम से दर्ज ईदगाह की जमीन विवाद को लेकर मथुरा में दाखिल सिविल वाद को तय करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अंतरिम आदेश एवं पुनरीक्षण आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका वापस करते हुए निस्तारित कर दी है। याचिका की पोषणीयता के मामले में कोर्ट ने कहा इस मामले में पहले ही फैसला आ चुका है। ऐसे में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड व अन्य की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने याचिका में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है।

युवक की कीमती मोबाइल चोरी

मऊआइमा। जरुरी काम से मऊआइमा आए युवक की मोबाइल चोरी हो गई। सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम बलकरन का पूरा निवासी रामपूजन पुत्र महाराजदीन जरुरी काम से मऊआइमा के ग्राम सिंसई सिपाह आया था। अज्ञात चोरों ने हजारों का कीमती मोबाईल चोरी कर ले गए। ऑन लाइन अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

तेज आंधी के साथ हुई बारिश से शहर के दर्जनों इलाकों की बिजली गुल

अखंड भारत संदेश

आंधी से सड़कों पर कई जगह गिरे तार

प्रयागराज। शाम लगभग 5 बजे तेज आंधी के साथ बारिश हुई। घंटो देर तक आंधी और पानी से शहर के दर्जनों इलाकों की बिजली गुल रही। जिससे लोगों को अंधेरे का सामना करना पड़ा। वहीं कई जगह सड़कों पर बिजली के तार टूटे दिखे तो कई जगहों के ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ गए। इसके वजह से शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। वहीं घंटो देर से लाइट बाधित होने के कारण लोगों को बिजली और पानी की दिक्कत उठानी पड़ी। हालांकि लगभग 2 के बाद बारिश हल्की होने पर लोगों के घरों में बिजली आई तब जाकर लोगों को राहत मिली।

4 मई तक आसमान में बादलों का रहेगा डेरा

रविवार रात बारिश होने से शहर का मौसम ठंडा हो गया है। वहीं सोमवार की सुबह से ही आसमान में बादलों ने डेरा डाल रखा था। सुबह से कभी तेज धूप तो कभी छांव ऐसे ही दिन भर मौसम लगा रहा। वहीं शाम होते होते आसमान को काले बादलों ने ढंक लिया। और देखते ही देखते तेज हवाएं चलने लगी। उसके कुछ देर बाद ही बारिश की छोटी छोटी बूंदे गिरने लगी। थोड़ी देर में ही तेज आंधी के साथ जोरदार बारिश होने लगी। लगभग 2 घंटो तक शहर में तेज बारिश होने बाद बारिश हल्की हो गई।वहीं बारिश होने के कारण शहर के तापमान में गिरावट देखने को मिली। जिससे शहर का मौसम बिल्कुल सुहाना हो गया है। लोग बड़े ही मजे से सड़कों पर मौसम का आनंद उठाते दिखे। वहीं कई बाइक सवार रिमझिम बारिश के बीच भीगते हुए दिखे। मौसम विभाग की माने तो 4 मई तक आसमान में बादलों का डेरा लगा रहेगा। और मौसम ऐसे ही बना रहेगा। जिससे वजह से लोगों को थोड़ी गर्मी से राहत मिलेगी।



आज प्रयागराज आएंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में करेंगे जनसभा

प्रयागराज। में चार मई को नगर निकाय चुनाव होने जा रहा है।चुनाव में महज दो दिन शेष हैं। सभी राजनीतिक दलों में तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज 2 मई को प्रयागराज आ रहे हैं। वह सुबह 10 बजे लीडर प्रेस मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। वह यहां भाजपा के महापौर प्रत्याशी उमेश चंद्र गणेश केसरवानी समेत पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने के लिए आ रहे हैं मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तैयारियों में जुट गए हैं प्रयागराज समेत आसपास के जनपरदों से भी भाजपाई इस जनसभा में हिस्सा लेने के लिए आ रहे हैं। चुनाव के ठीक 2 दिन पहले मुख्यमंत्री का आना कहीं न कहीं भाजपा प्रत्याशियों की राह आसान कर सकती है।

अस्पताल कर्मी की हत्या : गड्ढे का पानी सड़क पर फेंकने को लेकर हुआ विवाद, पिता-पुत्र को छह से अधिक लोगों ने पीटा

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सोरांव थाना अंतर्गत बनकट गांव में बारिश के पानी को लेकर सोमवार को दो पक्षों में विवाद हो गया। इसमें मारपीट हो गई। मारपीट में एक अस्पताल के बिजली मिस्त्री की मौत हो गई। मृतक का बेटा जख्मी है। पीड़ित ने सोरांव थाने में 6 से अधिक लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया है। साथ ही दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।गंगानगर के सोरांव थाना के बनकट गांव निवासी हीरालाल गुप्ता (50) पुत्र नंदलाल गुप्ता दो भाइयों में बड़ा था। उसके छोटे भाई जवाहर लाल गुप्ता गांव से दूर न्यायीपुर में घर बनाकर परिवार सहित रहते है। हीरालाल गुप्ता प्रयागराज शहर के कमला नेहरू हॉस्पिटल में बिजली मिस्त्री के पद कार्यरत थे। उनकी पत्नी कुसुम गुप्ता और तीन बेटे शैलेंद्र, सुरेंद्र और दीपक गांव में रहते हैं। हीरालाल गुप्ता प्रतिदिन गांव से ड्यूटी आते-जाते थे। सोमवार को हुई बारिश की वजह से घर के सामने गड्ढे में पानी भरा था। हीरालाल गुप्ता वही पानी निकाल कर सड़क पर फेंक रहा था। हीरालाल ने उस पानी को वहीं सड़क पर फैलाना शुरू कर दिया, तभी गांव के आंचल तिवारी, रिंकू तिवारी, राहुल पांडेय, प्रबल पांडेय, हलचल पांडेय, टिल्लू, जग्गू पांडेय आदि लोग पहुंच गए और हीरालाल से विवाद करने लगे।आरोप है कि वह लोग पानी सड़क पर बिखेरने का विरोध कर रहे थे। उसी में विवाद हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई। शोर-शराबा सुनकर हीरालाल का बेटा शैलेंद्र बाहर भाग कर पहुंचा। तब तक आरोपियों ने हीरालाल गुप्ता को लात घूसों से पीटना शुरू कर दिए। बेटा शैलेंद्र गया तो उसकी भी पिटाई की गई।शैलेंद्र की तहरीर के मुताबिक हमलावरों की पिटाई के बाद उसके पिता हीरालाल गुप्ता के सीने में चोट लग गई। इससे दर्द उठा और उनकी वहीं पर मौत हो गई। इसके बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम भेज दिया। शैलेंद्र के मुताबिक दो लोगों को पुलिस पकड़ कर ले गई है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमॉर्टम को भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डीआईजी होमगार्डस नें की निकाय चुनाव हेतु प्रयागराज मण्डल की समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। नगर निकाय निर्वाचन चुनाव 2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु होमगार्ड विभाग के प्रयागराज मण्डल के चारों जनपदों प्रयागराज, फतेहपुर, कौशाम्बी , प्रतापगढ़ के जिला कमांडेंट होमगार्डस समस्त वैतनिक कर्मचारी व समस्त अवैतनिक अधिकारियों की बैठक डीआईजी होमगार्डस संतोष कुमार सुचारी की अध्यक्षता में रविवार को सर्किट हाउस में संपन्न हुई बैठक में विस्तृत रूप से निर्वाचन के सम्बन्ध में कर्मचारियों को सम्बोधित किया वह निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कर्मचारी व होमगार्डस पूर्ण अनुशासन व निर्धारित वर्दी में रहें ' निर्वाचन ड्यूटी में डंडा व परिचय-पत्र साथ में अवश्य रहे ' संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि होमगार्डस के ठहरने हेतु उच्चकोटि की व्यवस्था की जाए ' जहां बिजली, पानी, शौचालय पंखे,चार्जिंग प्वाइंट आदि उपलब्ध हो, और बाहरी जनपदों का निर्वाचन कराने हेतु होमगार्डस परिवहन विभाग की बसों से कानवाय के रूप में जाए, भीड़-भाड़ वाले इलाकों में गाड़ियों को ना रोका जाए, सभी लोग गंतव्य पर उपस्थित रहकर अनुशासन के साथ ड्यूटी करें, ड्यूटी के दौरान बाद में या पहले शराब य मादक द्रव्यों का उपयोग कदापि न किया जाए, डीआईजी श्री सुचारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि कोई भी होमगार्ड्स किसी भी राजनीतिक दल के बारे में कौन हार रहा है कौन जीत रहा है कि बात बिल्कुल न करें, और किसी भी प्रत्याशी द्वारा दी गई खाने- पीने की चीजों का प्रयोग न करें, ऐसी किसी भी शिकायत पर जांचोपरान्त उस कर्मचारी पर सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी ' चुनाव सम्बन्धित बैठक में मण्डलीय कमांडेंट होमगार्डस प्रयागराज मण्डल डी0डी0मौर्य, जिला कमांडेंट प्रयागराज अमित कुमार पाण्डेय, जिला कमांडेंट कौशाम्बी विनोद कुमार द्विवेदी, जिला कमांडेंट फतेहपुर अर्जुन प्रसाद, जिला कमांडेंट प्रतापगढ़ धीरेंद्र पाण्डेय, एवं उपेंद्र नाथ ओझा,सुनील कुमार निरीक्षक, विश्वनाथ राम निरीक्षक, अखिलेश कुमार सिंह पीसी, अजय कुमार सोनकर पीसी, विनीता सिंह बीओ, नीतू राव बीओ,अनिता देवी बीओ, त्रियुगी नारायण शुक्ला कम्पनी कमांडर, संजीव कुमार सिंह कम्पनी कमांडर, राकेश कुमार कम्पनी कमांडर आदि उपस्थित रहे।

मनमोहन कृष्णा समेत 3 प्रोफेसर्स के खिलाफ एनबीडब्ल्यू

इलाहाबाद विश्व विद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर ने 2016 में दर्ज कराया था छेड़खानी का मुकदमा

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मनमोहन कृष्णा, प्रोफेसर प्रहलाद कुमार और प्रोफेसर जावेद अख्तर के खिलाफ गैर जमानती वारंट एनबीडब्ल्यू जारी हुआ है। यह वारंट प्रयागराज की सीजेएम कोर्ट ने जारी किया है। तीनों पर विभाग की ही महिला असिस्टेंट प्रोफेसर ने यौन शोषण और एससी-एसटी एक्ट के तहत 2016 में केस दर्ज कराया था।मामला 4 अगस्त 2016 का है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर तैनात दीप शिखा सोनकर का आरोप था कि विभाग के ही प्रो. प्रहलाद कुमार और कुछ अन्य वरिष्ठ शिक्षक अनुसूचित जाति का होने के कारण शुरू से ही द्वेष रखते रहे हैं। दुर्भावनावश अनेक प्रकार से उत्पीड़ित करते रहे हैं। इसकी शिकायत मैंने विश्वविद्यालय में, कर्नलगंज कोतवाली में और अनुसूचित जाति जनजाति आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग में कर दिया था। तभी से प्रो. प्रहलाद कुमार, पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. मनमोहन कृष्ण मुझे अपमानित और प्रताड़ित कर रहे हैं। 4 अगस्त को लगभग 12.45 बजे दिन में विभागाध्यक्ष ने अपने कक्ष में विभाग के कर्मचारी रमेश से मुझे बुलवाया, जब मैं गई तो पूर्व नियोजित ढंग से वहां प्रो. मनमोहन कृष्ण, प्रो. प्रहलाद कुमार और डॉ. जावेद अख्तर पहले से बैठे थे। मेरे पहुंचने पर मनमोहन कृष्ण ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मुझे डांटना शुरू किया और एक घंटे तक मुझे कक्ष में खड़ा कराये रखा।

विवाहिता की हत्या के आरोपी पति, जेठ व ससुर गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

एक दिन पहले घर के रोशन दान से साड़ी के फंदे से लटकी मिली थी लाश

प्रयागराज। प्रयागराज के झूंसी थाना अंतर्गत नारायण दास का पूरा गांव में रविवार को साड़ी के फंदे से लटकी मिली विवाहिता की मौत के प्रकरण में पुलिस ने पति, जेठ और ससुर को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। अभी सास की गिरफ्तारी बाकी है।गंगानगर के फाफामऊ थाना अंतर्गत बड़बोली गांव निवासी रामराज मौर्या खेती किसानी करते हैं। उनके दो बेटे और एक बेटी थी। मई 2022 में उन्होंने अपनी बेटी किरण मौर्या (23) की शादी झूंसी थाना क्षेत्र के नारायण दास का पुरा गांव निवासी हेमंत मौर्या के साथ बड़े धूमधाम से की थी। रविवार को सुबह हेमंत मौर्या ने ससुराल में फोन करके सूचना दी कि किरण मौर्या की तबीयत खराब है।परिवार के लोग पहुंचे तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी थी। अपने कमरे के रोशनदान से दुपट्टे के फंदे से फांसी लगाकर जान दे दी है। इस पर पिता और भाइयों को भरोसा नहीं हुआ। पिता रामराज मौर्या ने अपनी बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए सीधे झूसी थाने को सूचित किया। पिता की तहरीर पर पति, सास-ससुर और जेठ के खिलाफ झूसी थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी।झूंसी पुलिस ने सोमवार को मृतका के पति हेमंत मौर्या, जेठ शरद कुशवाहा और ससुर सीताराम कुशवाहा को नरायण दास का पुरा पंडित के पान की गुमटी के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में एसआई योगेन्द्र कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल पारस नाथ यादव, अभिषेक सिंह, सुब्रत त्रिपाठी और महिला कांस्टेबल पुष्पलता यादव शामिल थे।

न्यूज झरोखा

यूफोरिएल यूथ सोसाइटी ने अपना दूसर स्थापना दिवस मनाया

प्रयागराज। यूफोरिएल यूथ सोसाइटी की ओर से दी रूफ रेस्टोरेंट में संस्थान के दो साल होने पर स्थापना दिवस मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता यूफोरिएल यूथ सोसाइटी के फाउंडर देवेश जायसवाल ने किया वहीं मंच का संचालन मीडिया इंचार्ज गुफरान खान ने किया,नेशनल प्रेसिडेंट वा फाउंडर देवेश जायसवाल ने संस्थान के जन्म,उत्थान एवं समाजोपयोगी कार्यो पर प्रकाश डालते हुऐ सुह्वान,रेशमा,अब्बास, आशुतोष वा सत्यम को नये पदों का कारभार सभलाने की घोषणा किया सभी पदाधिकारी और मेंबर्स को अशोका स्टॉम्प और संस्थान का सर्टिफिकेट दे कर उनको सम्मानित किया। कार्यक्रम में देवेश जायसवाल, मनोज त्रिपाठी, गुफरान, जगजीत सिंह, सुह्वान, अब्बास, अंकित, नवेद, ईशान, आशुतोष, आशीष, रेशमा, सुनील, मिताली, शिखा, सचिन, सुधांशु, सत्यम आदी शामिल थे ।

पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

झूंसी। नगर निगम चुनाव के मद्दे नजर पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों ने झूंसी में फ्लैग मार्च किया। अराजकतत्वों पर कार्यवाही की चेतावनी दी। पुलिस प्रशासन नगर निगम चुनाव निष्पक्ष व शन्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए कोई कोर कसर नही छोड़ रहा है। सोमवार को झूंसी के हवेलिया, कोहना, छतनाग, न्याय नगर, शेरडीह, मलावा के अति संवेदनशील क्षेत्र में पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उपस्थित एसीपी झूंसी आईपीएस चिराग जैन ने लोगो से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील के साथ चुनाव में अराजकता फैलाने वालों पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी। फ्लैग मार्च में बीएसएफ की 39 बटालियन बी कंपनी व पुलिस के जवानों के साथ कंपनी कमांडर गिरीश कुमार, झूंसी वैभव सिंह, छतनाग चौकी इंचार्ज नवीन सिंह, रहीमापुर चौकी इंचार्ज जितेंद्र राजपूत मौजूद रहे।

नौनिहालों से मंगवाया जा रहा है भीख!

बारा। क्षेत्र में नीबी, लोहगरा तथा कपारी गांवो में बसे मदारी जोकि सांपों को पालकर उनसे अपनी आजीविका चलाते हैं। बारात आदि अन्य शुभ अवसरों पर भी बीन आदि बजाकर धन कमाते हैं लेकिन अपने बच्चों पर ध्यान नहीं देते। जबकि केन्द्र सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में पुस्तक,ड्रेस, जूते, बैग तथा मिड्डे मील के तहत भोजन भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही छात्रवृत्ति भी दिए जाने की व्यवस्था है।इसके अलावा प्रति राशन कार्ड पर पांच किलो खाद्यान्न भी दिया जाता है। इतना सब होते हुए भी आखिर ये लोग क्यों अपने बच्चों को शिक्षित करना नही चाहते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि ये संपेरे दारू पीने में अपनी कमाई का दो तिहाई हिस्सा बर्बाद कर देते हैं, सरकारी आवास योजना का लाभ भी प्राप्त हो गया है, अब कौन सी चिंता है? लोहगरा, शंकरगढ़ बाजार और रेलवे स्टेशन पर भी इनके बच्चे नाचते गाते हुए देखे जा सकते हैं और भीख मांगकर पान मसाला, फ्राइड चिकन खाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इन्हे भीख देना इनके मनोबल को बढ़ाने से अधिक कुछ नहीं है बल्कि भिक्षा मांगने की प्रवृत्ति को बल मिलता रहेगा, इसलिए इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाए जाने से देश समृद्ध और सम्पन्न होगा। भिक्षाटन को हर हाल मे रोकने की कोशिश करने की आवश्यकता है।

हाईकोर्ट के आदेश पर तालाब की पैमाइश करने पहुंची टीम

प्रयागराज। मेजा तहसील क्षेत्र में तालाबों पर किए गए अवैध कब्जे पर प्रशासन की पैनी नजर है। आये दिन तालाबों को चिन्हित कर कब्जा मुक्त कराया जा रहा है। अभी तक क्षेत्र से दर्जनों तालाब कब्जा मुक्त हो चुके हैं। अन्य तालाबों से कब्जा हटवाने के लिए तहसील महकमा क्षेत्रों में निकल पड़ा है। वहीं अब हाईकोर्ट के आदेश पर तालाब को कब्जे मुक्त कराने में टीम जुट गई है।बता दें की मेजा तहसील क्षेत्र के बरवा गांव में तीन ग्रामीणों ने तालाब की जमीन पर कब्जा कर रखा है। पूर्व के तहसील प्रशासन द्वारा जारी की गई नोटिस के बाद भी तालाब की जमीन को ग्रामीणों ने खाली नहीं किया। इसी बीच गांव के ही एक युवक ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर कर तालाब की जमीन को अबिलम्ब कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की।हाईकोर्ट के निर्देश पर तहसीलदार डॉ विशाल शर्मा टीम के साथ सोमवार दोपहर गांव स्थित तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण में देखा कि गांव के तीन लोगों ने तालाब की भूमि पर मकान का निर्माण करा रखा है। टीम ने तीनों कब्जा धारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि एक सप्ताह में तालाब की जमीन को खाली करें। मकानों को बुलडोजर से ध्वस्तीकरण कराकर जमीन खाली कराई जाएगी। टीम ने तालाब की पैमाइश भी की।

हाईस्कूल परीक्षा में फेल होने से परेशान छात्र ने किया सुसाइड

अखंड भारत संदेश

रिजल्ट निकलने के बाद से तनाव में था रवि, मां के मंदिर जाने पर उठाया कदम

प्रयागराज। धूमनगंज थाना अंतर्गत कंधईपुर मोहल्ले में एक छात्र ने सोमवार दोपहर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 25 अप्रैल को यूपी बोर्ड का रिजल्ट आया था। इसमें वह फेल हो गया था। इसी वजह से वह परेशान चल रहा था। उसके इस कदम से परिवार में कोहराम मच गया है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया।धूमनगंज के कंधईपुर मोहल्ला निवासी शत्रुघ्न यादव ट्रांसपोर्ट कंपनी मुंडेरा में काम करते हैं। उनके दो बेटे और एक बेटी है। छोटे बेटे रवि यादव (17) इस बार दसवीं की परीक्षा दिया था। 25 अप्रैल को हाईस्कूल का रिजल्ट निकला। जिसमें रवि फेल हो गया था। रिजल्ट आने के बाद से वह बहुत परेशान था। किसी से कुछ बता नहीं रहा था। सोमवार को उसके पिता शत्रुघ्न यादव ड्यूटी पर गए थे। दोपहर में उसकी मां गुड़िया यादव और बहन बड़े भाई के साथ आरोपी देवी मंदिर में दर्शन करने के लिए चली गई थी।घर पर रवि यादव अकेला था। शाम को पांच बजे के करीब जब मां भाई और बहन वापस लौटे तो घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। अंदर के कमरे का दरवाजा बंद था। मां ने दस्तक दी लेकिन कोई आवाज नहीं आई। भाई ने खिड़की से झांक कर देखा तो उसकी चीख निकल गई।अंदर कमरे में रस्सी के फंदे से पंखे में रवि यादव फांसी पर लटक रहा था। उसे तत्काल फंदे से नीचे उतारा गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। कमरे की छानबीन की गई, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पिता ने बताया कि परीक्षा में फेल होने की वजह से वह परेशान था। आशंका है कि उसने सुसाइड कर लिया।

बाइक की टक्कर से महिला की मौत

अखंड भारत संदेश

लेडियारी। खीरी थाना क्षेत्र के रेत्यौरा मोड़ से देवीबांध जा रही महिला बाइक को टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया।यमुनानगर के खीरी थाना अंतर्गत देवीबांध गांव निवासी धनंजय सिंह खेती किसानी करते है। उनके चार बच्चे है। उनकी पत्नी पुनीता सिंह (42) गृहणी थी। सोमवार को पुनीता सिंह सोमवार को रेत्यौरा बाजार गई थी। शाम को वापस गांव जा रही थी। गांव के समीप जैसे ही पुनीता सिंह पहुंची थी। तभी सामने से आए बाइक वाले ने उसे टक्कर मार दी। जिससे पुनीता सिंह सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके से भाग रहे बाइक चालक को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया।उसकी पिटाई की और पुलिस को सौंप दिया। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां कुछ देर के उपचार के बाद पुनीता सिंह की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। मां का साया सिर से उठने से बच्चों में कोहराम मच गया।

ट्रैकमैन की ट्रेन से कटकर मौत

इंडियन आयल ट्रैक पर रात में काम करते वक्त हुआ हादसे का शिकार

प्रयागराज। धूमनगंज क्षेत्र के सूबेदार गंज स्थित इंडियन ऑयल डिपो के ट्रैक पर काम कर रहा ट्रैक मैन ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची धूमनगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया।नगर के करेली थाना अंतर्गत भावापुर निवासी बनारसी लाल (50) पुत्र जंगली प्रसाद रेलवे में ट्रैक मैन के पद पर कार्यरत थे। उनकी पत्नी कलावती है। उनके तीन पुत्र और दो पुत्री है। उनका परिवार रेलवे कॉलोनी में रहता है। घरवालों ने बताया कि रविवार की रात में वह झलवा सूबेदार गंज के बीच इंडियन ऑयल रेलवे ट्रैक चेक कर रहा था। उसी दौरान ट्रेन आ गई।इसकी चपेट में आने से मौत हो गई। रात में किसी को पता नहीं चला। सुबह उधर से गुजरे लोगों ने देखा तब पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने के बाद उसकी शिनाख्त कराई गई। शिनाख्त होने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

अध्यापकों के परिश्रम से निखरती है बच्चों की प्रतिभा : बीईओ

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित होने वाले छात्रों को बीआरसी कौड़िहार पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी कौड़िहार ओमप्रकाश मिश्र ने कहा कि- प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय अपने यहां के बच्चों को इस परीक्षा में सम्मिलित कराएं एवं बच्चों के साथ ऐसा प्रयास करें कि पर्याप्त मात्रा में बच्चों का चयन हो सके। विकास खण्ड कौड़िहार के उच्च प्राथमिक विद्यालय मधेशा से इस परीक्षा हेतु कुल 11 बच्चे चयनित हुए हैं। जो कि जिले के किसी एक विद्यालय से चयनित होने वाले सर्वाधिक बच्चों की संख्या है। जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर कायस्थान से 2 छात्रों तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय उठगी, दुखियापुर, कन्जिया व मोहम्मदपुर से क्रमशः 1-1 छात्रों का चयन हुआ है। इन सभी विद्यालय के बच्चों के साथ साथ इनके मेंटर अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से मधेशा से सुधीर कुमार निषाद, विक्रम श्रीवास्तव, मंजू यादव, उठगी से अनीता सोनकर, विनीता त्रिपाठी, फतेहपुर कायस्थान से उदय नारायण मिश्र, रितु यादव, कंजिया से वंदना एवं प्रीति श्रीवास्तव मोहम्मदपुर से गायत्री सरोज एवं दुखियापुर से शकील अहमद आदि को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी एकेडमिक रिसोर्स पर्सन जय सिंह, प्रभाशंकर शर्मा, विष्णु कुमार मिश्र, एवं अजमल अमीन अंसारी ने बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ राधे कृष्ण, बालेंद्र पांडेय, राजेश शुक्ला सहित समस्त बीआरसी स्टाफ मौजूद रहा।

सनातन-मानव सेवा संस्थान ने किया बेटियों को सम्मानित

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सनातन मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में धर्मार्थ और जनहित में कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उसी परिपेक्ष में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत बेटियों को स्वावलंबी बनाने हेतु संस्था की ओर से तीन जरूरतमंद व गरीब बेटियों को उपहार स्वरूप सिलाई मशीन, स्टील बर्तन व सम्मान पत्र भेंट किया गया।वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सरजीत सिंह ने किया। जबकि संचालन व कार्यक्रम का संयोजन राज कुमार त्रिपाठी ने किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में श्याम सुंदर सिंह पटेल, अविनाश चंद्र तिवारी, आरएन मौर्या, आरके सुरोलिया, एके पांडे और बीसी शुक्ला मंच पर मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से दीपांजलि शर्मा, नेहा कुशवाहा और आरती साहू को सम्मानित किया गया।श्याम सुंदर सिंह पटेल ने कहा कि देश हित, समाज हित, महिला शिक्षा, सुरक्षा, स्वावलंबन हेतु यह संस्था जो कार्य कर रही है। वह बहुत ही सराहनीय है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व उनके स्वावलंबन के लिए तीन बेटियों को उपहार स्वरूप सिलाई मशीन स्टील बर्तन व सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। यह आज का कार्यक्रम जरूरतमंद व गरीबों की सेवा व महिलाओं के सम्मान के करने के लिए लोगों को प्रेरित करेगा। वहीं कार्यक्रम के अंत में राज कुमार त्रिपाठी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।इस अवसर पर शामिल प्रमुख लोगों में राजकुमार त्रिपाठी, आशा त्रिपाठी, प्रतिमा शुक्ला, साधना पांडे, माया पांडे, अलका सिंह, मंजू साहू, अजय मिश्रा, बीएन शुक्ला ,संतोष कुमार मिश्रा, डॉ. अनिल केसरी, एपी दुबे, आरएस मिश्रा, आयुष सिंह, अजय साहू, आरके तिवारी ,बीसी शुक्ला, विनय मिश्रा,राजेश कुशवाहा आदि कई लोग शामिल रहे।

शहर व गांव की सेहत सुधारने हेतु ट्रिपिल इंजन की सरकार चुनें: योगी

नगर पालिका के हरिप्रताप सिंह व सभासदों तथा टाउन एरिया के चुनाव में भाजपा को करें मजबूत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सोमवार को राजकीय इंटर कालेज के मैदान में एक बड़ी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पहले जिन शहर की पहचान कूड़ों के ढेर से होती थी, वही शहर आज स्मार्ट सिटी बन गये हैं।

प्रतापगढ़ की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यहां का आंवला आज वैष्विक पहचान बना चुका है। यहां मेडिकल कालेज कार्य करने लगा है। शहर के बाईपास के विस्तार की अनुमति दे दी गई है। प्रदेष में बिना भेदभाव के शौचालय, गैस कनेक्षन व बिजली कनेक्षन दिया गया है। इस तरह नगर व गांव की सेहत को सुधारने का कार्य केवल भाजपा शासन में ही किया गया है। छात्रों व युवकों की ओर इषारा करते हुए उन्होंने कहा कि जिन हाथों में तमंचा होता था, आज वही हाथों में लैपटाप है। शहरों में रंगदारी मांगने वालों के दिन लद गये हैं। माफिया अब जीवन को लेकर सषंकित हैं। उन्होंने प्रदेष के विकास के लिये डबल इंजन की सरकार में नगर निकाय में तीसरा इंजन जोड़ देने की अपील की और कहा कि इससे शहर व गांव का विकास तेजी से होगा। उन्होंने हंसी के बीच में कहा कि न सौ पढ़ा न एक प्रतापगढ़ा की

जनसभा को सम्बोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

व जुटी भाजपाइयों की भीड़।

दो घंटे विलम्ब से प्रतापगढ़ पहुंचे मुख्यमंत्री

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आज सोमवार को अपरान्ह में मुरादाबाद से हेलीकाप्टर से दोपहर 1.35 बजे आना था और 2.10 बजे उन्हें जौनपुर के लिये उड़ जाना था लेकिन मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर लगभग दो घंटे बाद 3.25 बजे पुलिस लाइन के हेलीपैड पर उतरा और 3.32 बजे वह मंच संभाले। मंच पर वह मात्र 20 मिनट रहे। जबकि प्रतापगढ़ में उन्हें 45 मिनट समय देना था, फिर भी उन्होंने 20 मिनट में जहां भाजपा शासन की उपलब्धियों की चर्चा की, वहीं विपक्ष पर हमलावर रहे।

चर्चा करते हुए कहा कि सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक राजेन्द्र मौर्या, जीतलाल पटेल, पूर्व मंत्री षिवाकांत ओझा, मोती सिंह, पूर्व विधायक धीरज ओझा, हरिप्रताप सिंह, राम षिरोमणि शुक्ल, राजा अनिल प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र आदि से प्रतापगढ़ के विकास की चर्चा होती रहती है। इन सभी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा के मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रतिबंधित गोमांस के साथ पांच अभियुक्त गिरफ्तार

मोटरसाइकिल, लकडी का ठीहा, चापड़, चाकू, रेती व रस्सी बरामद

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के थाना कन्धई से उ0नि0 रमेश सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र कन्धई के परैया नदी के किनारे की बाग के पास से साथ तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

तीनों व्यक्ति फिरोज अहमद उर्फ कलूटे व वकील अहमद पुत्रगण शमसुद्दीन नि0ग्राम ताला थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ व मुजीब पुत्र समसाद नि0ग्राम ताला थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ व एक बाल अपचारी को गोवंश काटते हुए 85 किलोग्राम प्रतिबंधित गोमांस व 01 अदद लकडी का ठीहा, 02 अदद चापड़, 02 अदद चाकू, 01 अदद रेती व 01 अदद रस्सी के साथ गिरफ्तार किया गया व भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर मौके से 02 व्यक्ति फरार हो गये जिनकी पहचान कर ली गयी है, उनकी गिरफ्तारी शीघ्र ही सुनिश्चित की जायेगी। पूछतांछ मे गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग घमंतू गोवंश को पकड़कर बांध कर उनका बध कर छोटे-छोटे टुकडे कर बेच देतें हैं और इसी के माध्यम से अपना जीवन यापन करते है। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 129/2023 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। उधर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के थाना पट्टी से उ0नि0 वारिज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र पट्टी के रमईपुर नेवादा के पास से दो व्यक्तियों सिराज अहमद पुत्र मो0 बफाती नि0ग्राम सराय मधई थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ व बफाती पुत्र बुद्धु नि0 ग्राम सराय मधई थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को पास से प्रतिबंधित गोमांस के कुछ टुकड़े व 01 अदद चापड़, व 01 अदद रस्सी के साथ गिरफ्तार किया गया व भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर मौके से 02 व्यक्ति फरार हो गये जिनकी पहचान कर ली गयी है, उनकी गिरफ्तारी शीघ्र ही सुनिश्चित की जायेगी। पूछतांछ मे गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग घमंतू गोवंश को पकड़कर बांध कर उनका बध कर छोटे-छोटे टुकडे कर बेच देतें हैं और इसी के माध्यम से अपना जीवन यापन करते है। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 165/2023 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

अवैध देसी बम के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले के थाना पट्टी के उ0नि0 अजीत सिंह मय हमराह देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र पट्टी के बीबीपुर नहर पुलिया के पास से एक व्यक्ति भानू प्रकाश गौतम पुत्र रामबलि नि0ग्राम दशरथपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को 02 अदद देसी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना पट्टी में मु0अ0सं0 164/2023 धारा 4/5 विस्फोटक अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

पांच मई को आएंगे थाईलैंड के संघ नायक फ्रा भदन्त डॉ0 चरन सुत्थी

वैसाख बुद्ध पूर्णिमा पर होने वाले समन्वय महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। समन्वय सेवा संस्थान प्रतापगढ़ के तत्वावधान में आगामी बुद्ध पूर्णिमा के कार्यक्रम का मुख्य आयोजन समन्वय महोत्सव के रूप में सुगतानन्द बुद्ध विहार पर 5 मई को आयोजित किया जाएगा। इसके संबंध में व्यापक तैयारियां के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गयी।

उक्त समन्वय महोत्सव के आयोजन के सम्बंध में जानकारी देते हुए राकेश कनोजिया ने बताया कि थाईलैंड के संघ नायक पूज्य भदन्त फ्रा डॉ0 चरन सुत्थी व उनका पावन भिक्खू संघ के साथ अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध विद्वान आचार्य राजेश चन्द्रा भी आ रहै है, उनके पावन सानिध्य में जनपद सहित कानपुर,बरेली, झाँसी, लखनऊ, रायबरेली, सुल्तानपुर, प्रयागराज के उपासको व उपासिकाओ द्वारा आनापानसति, ध्यान साधना, भोजनदान, संघदान व धम्म प्रबोधन के विविध आध्यात्मिक कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे। इस बैठक की अध्यक्षता जी0पी0 स्वावलंबी ने किया, जिसमें बहन लीलावती, वेद प्रकाश, सुशील दद्दू, दिनेश कन्नौजिया, सी0पी0राव, डॉ0विजय कुमार, आचार्य उमेश कन्नौजिया, सुरेंद्र विमल, संजय कुमार, दिनेश सरोज, अवधेश सरोज, महेशमणि, राम सजीवन, चन्द्र प्रकाश सरोज, अशोक कुमार, श्याम शंकर सरोज, विनोद सरोज आदि उपस्थित रहे।

संघ नायक फ्रा भदन्त डॉ0 चरन सुत्थी।

निकाय चुनाव को निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से कराएं सम्पन्न : प्रेक्षक

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये प्रेक्षक सत्य प्रकाश (अपर आयुक्त आबकारी उ0प्र0 प्रयागराज) ने सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल एवं कार्मिकों के मतदान हेतु बनाये गये पोस्टल बैलेट काउण्टर का निरीक्षण किया।

उन्होंने प्रशिक्षण स्थल सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज पर निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कर्मियों के मतदान हेतु बनाये गये तहसील/नगरीय निकायवार स्थापित पोस्टल बैलेट फेसिलिटेशन सेन्टर/काउण्टर पर डाक मतपत्र की सम्पूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया एवं सम्बन्धित से जानकारी प्राप्त की। उसके उपरान्त उन्होंने मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल रूम का अवलोकन किया जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा रहा था। उन्होने कहा कि मतदान कार्मिक एवं अधिकारी प्रशिक्षण के सभी महत्वपूर्ण बिन्दु को विस्तारपूर्वक समझकर निर्वाचन की प्रक्रिया को पूर्ण रूप से सम्पन्न करायें। उन्होने मतदान कार्मिकों से प्रश्न भी किया और उसके समुचित जवाब भी प्राप्त किये। प्रेक्षक ने जिला सेवायोजन कार्यालय में बनाये गये कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया एवं वहां पर तैनात कन्ट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी से कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली तथा कहा कि कन्ट्रोल रूम में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन से सम्बन्धित जो भी शिकायतें प्राप्त हो उसका निस्तारण यथाशीघ्र किया जाये। उन्होने इस दौरान कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों के रजिस्टर का अवलोकन भी किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उसके उपरान्त प्रेक्षक ने राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ में बनाये गये स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया एवं उपजिलाधिकारी सदर से स्ट्रांग रूम की सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी ली और कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं समस्त व्यवस्थाये सुनिश्चित कर लें। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रेक्षक ने प्रशिक्षण स्थल, कन्ट्रोल रूम एवं स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

कन्ट्रोल रुम का निरीक्षण करते प्रेक्षक सत्य प्रकाश।

कलेक्ट्रेट वतहसील के सभी राजस्व न्यायालयों का समय परिवर्तित

प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अनुपालन में तथा जिला बार एसोसिएशन वकील परिषद एवं जूनियर बार एसोसिएशन (पुरातन) की सहमति के आधार पर 01 मई 2023 से 30 जून 2023 तक कलेक्ट्रेट/तहसील के समस्त राजस्व न्यायालय का समय प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक रहेगा।

पूर्वान्ह 10.30 बजे से पूर्वान्ह 11.00 बजे तक आधे घण्टे का मध्यान्तर (लंच) अनुमन्य रहेगा। जनपद न्यायाधीश ने अपने आदेश 26 अप्रैल 2023 के अन्तर्गत दीवानी/फौजदारी न्यायालयों का समय उक्तानुसार निर्धारित किया गया है। उन्होने बताया है कि जिलाधिकारी के आदेश 28 अप्रैल 2023 के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट/तहसील के समस्त राजस्व न्यायालयों का समय 01 मई 2023 से 30 मई 2023 तक प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक रहेगा। इसी बीच पूर्वान्ह 10.30 बजे से पूर्वान्ह 11.00 बजे तक आधे घण्टे का मध्यान्चर (लंच) अनुमन्य रहेगा। कार्यालय का समय पूर्वपूर्वान्ह 10 बजे से सायं 5 बजे तक चलता रहेगा।

मेधावी छात्र को विधायक ने भेंट किया लैपटॉप

अखंड भारत संदेश

कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़। हाईस्कूल की परीक्षा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले वैशपुर मान्धाता के होनहार छात्र मोहम्मद जैद के घर पहुंच कर ब्लॉक प्रमुख अशफाक अहमद व विश्वनाथगंज के विधायक जीतलाल पटेल ने ससम्मान लैपटॉप भेट कर उसका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाके के होनहार और मेधावी छात्रों का सम्मान होना चाहिए। इससे उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमीं नहीं है सिर्फ संसाधनों की कमी के चलते वह मंजिल तक नही पहुंच पाते है। विधायक की यह सराहनीय पहल सभी मेधावी छात्रों को ऊर्जा प्रदान करेगी और वह सफलता की ओर आगे बढ़ेंगे। विधायक जीतलाल पटेल के इस सराहनीय कार्य के लिए इनकी प्रशंसा होनी चाहिए। अशफाक अहमद ने कहा कि मेधावी छात्रों के सम्मान और उत्साहवर्धन के लिए विधायक द्वारा शुरू की गई यह पहल अनवरत चलती रहनी चाहिए ताकि गरीब और जरुरतमंद छात्रो को पढाई मे सुविधा मिल सके। इस दौरान स्थानीय लोगो के साथ-साथ पत्रकार, समाजसेवी और वैशपुर के सम्मानित लोग मो इबरार मो सोहेल मो फुजैल फखरे आलम, सरवर पत्रकार, असरार प्रतापगढी, डा अख़्तर, मो हुजैफा, फिरोज अली, मो उमैर, मो नावेद, मो रेहान, इमदाद अली, सूबेदार, इस्तियाक, शरीफ, आदि मौजूद रहे।

छात्र को लैपटॉप देते विधायक जीतलाल पटेल।

अनुशासनहीनता में कांग्रेस ने बागियों को निकाला

प्रतापगढ़। नगर पालिका बेला प्रतापगढ़ के चुनाव में पार्टी द्वारा अध्यक्ष पद पर घोषित अधिकृत प्रत्याषी ज्योति कुमार तिवारी गल्ली के विरुद्ध पार्टी कार्यकर्ता अब्दुल रहमान ने अनुषासनहीनता करते हुए अध्यक्ष पद पर निदैल प्रत्याषी के रुप में चुनाव लड़ रहे हैं। इसी प्रकार सभासद पर कांग्रेस के कार्यकर्ता रहे श्याम शंकर तिवारी अपनी पत्नी कविता तिवारी को निर्दल के रुप में सदर वार्ड से चुनाव लड़ा रहे हैं। यह अनुषासनहीनता है। नगर पंचायत गड़वारा के कांग्रेस द्वारा अधिकृत प्रत्याषी वीरेन्द्र प्रताप सिंह के विरुद्ध पार्टी के कार्यकर्ता चंद्रनाथ शुक्ल भी उक्त पद पर निर्दल प्रत्याषी के रुप में चुनाव लड़ रहे हैं। इन सभी को अनुषासनहीनता के कारण कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता को निरस्त करते हुए पार्टी से छह वर्ष के लिये निष्कासित कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए कांग्रेस के मीडिया प्रभारी वेदान्त तिवारी ने बताया कि जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी ने निष्कासन का पत्र जारी कर दिया है।

धारूपुर सम्पर्क मार्ग पर अंडरपास न बनाए जाने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

अखंड भारत संदेश

बाघराय, प्रतापगढ़। इन दिनों बाघराय क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस वे के कर्मियों व ठेकेदार द्वारा युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य चल रहा है। इसी क्रम में भाव चैराहे से धारूपुर व धमांवा होते हुए सीधे यह सम्पर्क मार्ग प्रयागराज जनपद को जोड़ता है इस क्षेत्र के हजारो लोगों का आवागमन प्रतिदिन लगा रहता है। लोग बाइक व चार पहिया वाहन से अपनी यात्रा तय करते हैं जब कि यह रोड सीधे प्रयागराज को जोड़ता है आम जनमानस को यह रोड आवागमन के लिए सीधा पड़ता है। यहां पर अंडरपास न बनने से लोगों को भाव चैराहा बाघराय व प्रयागराज सहित दर्जनों गांवों के लोगों का तो आवागमन ही ठप हो जाएगा। आज सनातन धर्म एकता दल के कार्यकताओं समेत गांववासियों ने जमकर प्रशासन के विरोध में नारे लगाए। समाजसेवी लवकुश सिंह ने कहा कि मांगपत्र डीएम, एसडीएम व मुख्यमंत्री को भेज दिया गया है। मांग पत्र में कहा गया कि यदि कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो छह मई को पूरे क्षेत्र के लोग धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर नकुल तिवारी, पंकज शुक्ल, अनिल पांडे, रामराज गौतम, शुभम, मदन, मुस्तफा, गुलजार, रफीक, वरकत, मानसिंह, शिवम समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। धरने का संयोजन नकुल तिवारी अध्यक्ष सनातन धर्म एकता दल ने किया।

ठेकेदार को ज्ञापन देते ग्रामीण।

दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले के थाना बाघराय के उ0नि0 रंजीत कुमार पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अ0सं0 155/14 धारा 308 भादवि थाना बाघराय से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त सुरेन्द्र यादव उर्फ पप्पू पुत्र स्व0 कडेदीन यादव नि0ग्राम रुद्र का पुरा बेधनगोपालपुर थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। उधर जिले के थाना दिलीपपुर के उ0नि0 बलवीर सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0नं0 2285/09 धारा 342, 323, 504, 506 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त शिवशंकर पुत्र सूयार्लाल नि0ग्राम रसोईया थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

चोरी के अभियोग मे वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन मे जनपद के थाना कन्धई के उ0नि0 राहुल कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना कन्धई के मु0अ0सं0 58/23 धारा 379, 411 भादवि व मु0अ0सं0 59/23 धारा 379, 411 भादवि मे वांछित अभियुक्त हौसला प्रसाद पुत्र रामधारी नि0ग्राम उतरास थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के मंगरौरा दीवानगंज मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

एमडीपीजी कालेज में चल रही परीक्षा में एक अनुपस्थित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं एमडी पीजी कॉलेज सहित जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सुचारू रूप से संपन्न हो रही हैं। बीकॉम की परीक्षाएं आज से समाप्त हो गई हैं। बीएससी की परीक्षाएं 11 मई तक एवं बीए के विभिन्न विषयों की परीक्षाएं 8 जून तक चलेंगी। आज प्रथम पाली में बीए तृतीय वर्ष संस्कृत एवं उर्दू तथा बीएससी द्वितीय वर्ष केमिस्ट्री की परीक्षाएं हुई। द्वितीय पाली में बीएससी तृतीय वर्ष केमिस्ट्री की परीक्षा हुई। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि प्रथम पाली में 75 परीक्षार्थी पंजीकृत थे 74 ने परीक्षा दी और एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा जबकि द्वितीय पाली में 27 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में शुचिता पूर्ण एवं नकल विहीन परीक्षा संपन्न हो रही है।

परीक्षा का निरीक्षण करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

खबर संक्षेप

किराने की दुकान में पीछे से नकब लगाकर हजारों की चोरी

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर गांव के अरविंद मिश्रा पुत्र शिव प्रकाश मिश्रा ने समसपुर चौराहे पर किराने की दुकान खोल रक्खी है बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे से नकब लगाकर कर 15 डिब्बा रिफाइन तेल,10 टीन सरसों का तेल, 8 बोरी गेहूं, 6 बोरी चावल ,4 बोरी महुआ , 8 पेंटी स्प्राइट की बोतल, 39500 नगद चोरों ने पार कर दिया है सुबह दुकान संचालक दुकान खोलने गया तो नकब देखकर होश उड़ गए ! अज्ञात चोरों के विरुद्ध उसने स्थानीय थाना चरवा में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है तहरीर पाने के बाद चरवा पुलिस जांच मे जुटी है खबर लिखे जाने तक चोरी की घटना का खुलासा पुलिस नही कर सकी है मामले में अभी तक पुलिस ने मुकदमा भी नहीं दर्ज किया है।

संवेदनशील बूथों पर रखें विशेष निगरानी : प्रेक्षक

प्रेक्षक ने जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट एसडीएम व सीओ एवं अधिशासी अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

बैठक को संबोधित करते प्रेक्षक

बैठक उपस्थित अधिकारी

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। प्रेक्षक अरविन्द कुमार चौहान द्वारा नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए समस्त जोनल/ सेक्टर मजिस्ट्रेट, समस्त उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी एवं अधिशासी अधिकारियों के साथ उदयन सभागार में बैठक की गयी बैठक में प्रेक्षक ने अब तक की गयी तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए समस्त जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट को पीठासीन अधिकारियों के निरन्तर सम्पर्क में रहने तथा सभी आवश्यक कार्यवाही समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी समय से हो जाय। राज्य निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदान के दिन एजेण्ट बनायें जाय। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आदर्श आचार-संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा संवेदनशील व अति संवदेनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दियें उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी मतदाता बूथ पर मोबाइल लेकर न जाने पाये। उन्होंने सभी बूथों पर पेजयल सहित आदि आधारभूत सुविधायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने स्ट्रॉग रूम पर भी सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्वाचन निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दियें बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

टॉपर छात्र को सम्मानित करते प्रबंधक

रिद्धि सिद्धि कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के टॉपर को प्रबंधक ने किया सम्मानित

कौशाम्बी। रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट भरवारी द्वारा रिद्धि सिद्धि कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के टॉपर्स विद्यार्थियों को प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया, टॉपर्स विद्यार्थियों में पूनम f/ङ्क गया प्रसाद ने बी.ए.में 81.60% अंक अर्जित किया, ख्याति मौर्या f/ङ्क हरिराम मौर्य ने बीएससी में 78.14% तथा उफक परवेज/ङ्क परवेज आलम ने 76.94%अंक अर्जित करके कॉलेज को गौरवान्वित किया प्रबंधक द्वारा इन विद्यार्थियों के अच्छे प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दिया और इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कड़ी मेहनत करने के लिए इनको प्रोत्साहित किया, ट्रस्ट की डायरेक्टर सीमा पवार मैंम ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए टॉपर्स विद्यार्थियों को दृढ़ संकल्प तथा कड़ी मेहनत की भूरी भूरी प्रशंसा की, इस मौके पर डिप्टी डायरेक्टर मयंक मिश्रा ने इन विद्यार्थियों को सफलता के उच्चतम शिखर तक जाने की परिकल्पना करते हुए बधाई दिया इस प्रतिभा सम्मान समारोह में रिद्धि सिद्धि कॉलेज आफ एजुकेशन के प्राचार्य एवं सभी सहायक आचार्य गण उपस्थित रहे।

37 किलो गांजा के साथ अंतर्जनपदीय तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट से प्रयागराज गांजा सप्लाई करने जा रहे युवको को कौशांबी पुलिस ने दबोचा

कौशाम्बी। चित्रकूट जनपद के राजापुर से गांजा सप्लाई करने प्रयागराज जा रहे युवको को कौशांबी पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 37 किलो से अधिक गांजा बरामद किया है पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है कौशांबी पुलिस की यह बड़ी सफलता है मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने दी है। पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस व स्वाट टीम बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर पश्चिम शरीरा थाना पुलिस ने अंधावा नहर पुलिया पश्चिम शरीरा के पास से तीन अभियुक्तों आशीष सिंह पुत्र गया प्रसाद सिंह निवासी ग्राम खण्डेहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट रेहान अहमद पुत्र अफसाह अहमद व इदरीस अहमद पुत्र लल्लन निवासीगण ग्राम बसेढ़ी उपरहार थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया है पकड़े गए गांजा तस्करों के पास से दो बोरे में 37 किलो 50 ग्राम नाजायज गांजा पुलिस ने बरामद किया है पुलिस ने आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की है गांजा तस्करी में लंबे समय से लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने लिखा पढ़ी कर अदालत में पेश किया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

सात वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा पांच वांछित अभियुक्तों सुनील जायसवाल राहुल जायसवाल रंजीत जायसवाल पुत्रगण सुरेन्द्र जायसवाल व शिवानन्द जायसवाल पुत्र राधेश्याम व राधेश्याम पुत्र सीताराम व मिथुन केशरवानी पुत्र सुरेश चन्द्र केशरवानी निवासीगण गौरा रोड भरवारी थाना कोखराज को रेलवे स्टेशन भरवारी के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना करारी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्ता गुलबिया देवी पत्नी गुलाब निवासी भेलखा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्ता को न्यायालय भेज दिया है।

निरोधात्मक कार्यवाही में 18 अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से दो थाना पिपरी से छः थाना कोखराज से तीन थाना कड़ाधाम से पांच थाना सैनी से दो कुल 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

नलकूप की रखवाली कर रहे युवक की हत्या में दो अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

नलकूप की रखवाली के विवाद में 3 दिन पूर्व युवक को बेरहमी से उतारा गया था मौत के घाट

युवक की हत्या के आरोप में गिरफ्तार आरोपी

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के कोटिया गांव में 3 दिन पूर्व नलकूप की रखवाली कर रहे युवक की बेरहमी से कत्ल किए जाने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने जुर्म कबूल कर लिया है लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया हैघटनाक्रम के मुताबिक सराय अकिल थाना अंतर्गत कोटिया गांव के एक नलकूप की रखवाली कर रहे प्रेम लाल की 28 अप्रैल की रात्रि को सर व चेहरे पर सरिया से प्रहार कर हत्या कर दी गयी थी, जिस सम्बन्ध में थाना सराय अकिल पर मुकदमा बनाम अज्ञात पंजीकृत कर घटना की गम्भीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा टीमों का गठन कर शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया था। घटना के अनावरण के क्रम में मृतक की पत्नी द्वारा बताया गया कि 27.04.2023 को मेरे पति का बृजेश व मंजय के साथ शराब के नशे में ट्यूबवेल की रखवाली को लेकर हाथापाई हुयी थी इसी आधार पर साक्ष्य संकलन करते हुये दिनांक 01.05.2023 को प्रकाश मे आये अभियुक्तों 1. बृजेश पुत्र कन्धई लाल 2. मंजय पुत्र सुखराम निवासी गण ग्राम कोटिया थाना सराय अकिल को मुखबिर की सूचना पर थाना सराय अकिल पुलिस फोर्स द्वारा नहर पटरी पर कोटिया का पुरवा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा जा रहा है। विवरण पूछताछ अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि मृतक प्रेमलाल के साथ ट्यूबवेल की रखवाली को लेकर हाथापाई हुयी थी जिससे खुन्नस खाकर हमलोगो द्वारा योजना बनाकर कोटिया स्थित पुराना ट्यूबवेल पंचायती अखाड़ा की छत पर रखवाली कर रहे प्रेमलाल को सरिया से सर व चेहरे पर मारकर हत्या कर दिया गया, उसके उपरान्त अपने अपने घर चले गये। सुबह मंजय द्वारा अपने पड़ोसी प्रेमचन्द्र कोरी पुत्र मंदराज कोरी के माध्यम से मृतक के घर सूचना न देकर रण विजय के यहां प्रेम लाल के मरने की सूचना दी जिस पर रण विजय एव गांव के अन्य लोगो को शक हुआ।

सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा चार अभियुक्तों कुम्भ करण पटेल पुत्र राम वकत राजेन्द्र पटेल पुत्र सूरज पाल बृजेश पटेल पुत्र स्वङ्ग सम्भू लाल व राम प्रकाश पटेल पुत्र अमृत लाल पटेल निवासीगण काजीपुर थाना संदीपनघाट को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 510 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 480 रुपए बरामद कर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।

गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त महेश कुमार पुत्र संकू पासी निवासी वार्ड नं0 04 कस्बा सिराथू थाना सैनी को ग्राम घुमाई से 01 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

कैबिनेट मंत्री ने प्रभावी मतदाता सम्मेलन को किया सम्बोधित

भाजपा प्रत्यासी के समर्थन में कैबिनेट मंत्री ने किया पदयात्रा पदयात्रा में सैकड़ो लोग रहे मौजूद, नगर पंचायत अझुवा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में हिन्दू मुस्लिम एकता के लगे नारे

अझुवा नगर में पदयात्रा करते कैबिनेट मंत्री

पदयात्रा के दौरान मतदाताओं से मिलते कैबिनेट मंत्री

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। नगर निकाय चुनाव की तिथि नजदीक आते ही पार्टी प्रत्यासी और निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में अंतिम जोर लगा दिया है आज सोमवार को नगर पंचायत अझुवा में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल नन्दी ने भाजपा प्रत्यासी शांती देवी कुशवाहा पत्नी ओमप्रकाश कुशवाहा के लिए नगर क्षेत्र में पदयात्रा कर नगर के मतदाताओं से समर्थन मांगा है इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है यदि मतदाताओं ने नगर में भाजपा प्रत्यासी को जिताया तो नगर पंचायत अझुवा में विकास की बयार बहेगी।पदयात्रा शायरी माता तिराहा होते हुए किरानागली नवीन मंडी समिति पहुंची जहां व्यापारियों के बड़े हुजूम ने कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल नन्दी को माल्यार्पण कर जोरदार तरीके से स्वागत किया मंत्री के कार्यक्रम में मौजूद नगर के लोगों ने कैबिनेट मंत्री के समक्ष भरोसा दिलाते हुए प्रत्यासी को भारी बहुमत से विजय दिलाने का संकल्प लिया है नगर पंचायत अझुवा में चहुओर भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगें हैं। नगर पंचायत अझुवा की भाजपा प्रत्याशी शांति देवी कुशवाहा के समर्थन में नगर में भ्रमण में निकले कैबिनेट मंत्री का काफिला सर्वप्रथम भाजपा कार्यालय पहुंचा जहां नगर पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवियों को भारतीय जनता पार्टी में शामिल कराया है सैय्यद फारुख हसन उर्फ अच्छू भाई, फारुख राईन,मोहम्मद अख्तर भाई सहित दर्जनों लोगों ने भाजपा पार्टी में आस्था जाहिर कर नगर पंचायत के चेयरमैन प्रत्यासी को विजय दिलाने का संकल्प लिया है और अपने समर्थकों के साथ नगर की गलियों में भ्रमण कर हिन्दू मुस्लिम एकता का संदेश दिया है इस दौरान कपूर चन्द्र केसरवानी, गुड्डू दराना ,अशोक गौतम,सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे हैं।

निर्दलीय प्रत्यासी अनीता देवी पत्नी मंगल मौर्य ने चुनाव बनाया रोचक सैकड़ों गाड़ियों के साथ किया शक्ति प्रदर्शन

मुस्लिम कौमी एकता अध्यक्ष ने दिया खुला समर्थन,जीप ने पकड़ी रफ्तार, मंगल प्रसाद मौर्य नगर पंचायत अझुवा में पिछले 35 वर्षों से गरीब,मजदूर व्यापारी कमजोर की आवाज बने हैं

अझुवा कौशाम्बी। नगर पंचायत अझुवा का चुनाव अति रोचक हुआ जा रहा है सोमवार को निर्दलीय प्रत्याशी अनीता देवी पत्नी मंगल प्रसाद मौर्य ने सैकड़ो मोटरसाइकिल सवारों के साथ रैली में निकलने के बाद चुनाव मैदान को रोचक बना दिया। बता दें कि मंगल प्रसाद मौर्य नगर पंचायत अझुवा में पिछले 35 वर्षों से गरीब,मजदूर व्यापारी कमजोर की आवाज बने हैं पिछली दो पंचवर्षीय चुनाव में लड़कर उपविजेता रहे हैं नगर पंचायत अझुवा में इन्हें बेहद सम्मान की नजरों से देखा जाता है मौजूदा चुनाव में मुस्लिम कौमी एकता के अध्यक्ष मोहम्मद अख्तर ने इन्हें खुला समर्थन दिया है,मंगल प्रसाद मौर्य का मोटरसाइकिल काफिला निज निवास पानी टंकी के पास से चलकर वार्ड नं 3 शांतिनगर होते हुए वार्ड नं 6 कृष्णा नगर ,वार्ड नं 12 नयानगर होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग वार्ड नं 4 मढियामई रसूलपुर, अजमतपुर, बहुआ,वार्ड नं 1 भौन्तर होते हुए वार्ड नं 8 गांधीनगर वार्ड नं 9 इंदिरानगर होते हुए पानी टंकी के पास उनके आवास पर समाप्त हुआ है इस मोटरसाइकिल जुलूस में मुख्यरूप से कलाम भाई, मोहम्मद आबिद,नसीम भाई, सरवर भाई, वाजिद,मोहम्मद अजीज,असलम ,हाफिज मुन्ना भाई बहुआ,इशाक सहित सैकड़ों मुस्लिम मोटरसाइकिल सवारों के साथ हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतिबिंब दिखाई दिया है।

भाजपा ने पार्टी के गतिविधियों में लिप्त 18 लोंगो पर की कार्यवाही

अपनी आदत से बाज नही आया तो भौकाली नेता पर भी होगी कार्यवाई

कौशाम्बी। बीते दिनों नगर निकाय चुनाव के एक जनसभा को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी के भीतर घातियों पर कार्यवाही करने के लिए सख्त हिदायत मंच के माध्यम से दी थी... आज उसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने 18 लोगों पर पार्टी के खिलाफ अनुशासनहीनता में लिप्त होने के कारण कार्यवाही करते हुए पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इतना ही नहीं यह तो अभी ट्रेलर है। पिक्चर तो नगर निकाय के चुनाव में देखना बाकी है। भारतीय जनता पार्टी में नगर निकाय के चुनाव में एक भौकाली नेता अपना रसूख कायम रखने के लिए उसके मर्जी के खिलाफ प्रत्याशी के चयन होने से आहट भौकाली नेता अपने लोगों के बीच में भितरघात का अथक प्रयास कर रहा है। गिरगिट की तरह रंग बदलने वाला यह भौकाली नेता 2022 विधानसभा में पार्टी गतिविधियों में लिप्त होकर तीनों सीट को चुनाव हराने में अहम भूमिका निभाई थी।बीते दिनों मंच से जब उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने यह निर्देश दिया कि 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी गतिविधियों में लिप्त होने के बाद भी लोगों को चिन्हित करने के बाद एक बार माफ कर दिया था। लेकिन नगर निकाय के चुनाव में जो भी एक इस गलती को दोहराया पार्टी सख्ती के साथ उन्हें 6 वर्ष के लिए बाहर का रास्ता जरूर दिखाएगी। यह सुनते ही गिरगिट की तरह रंग बदलने वाले इस नेता के मुंह के रंग की रंगत बदल गई है।

अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा ने शांती देवी कुशवाहा को दिया समर्थन

अझुवा कौशाम्बी। अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा की एक बैठक नगर पंचायत अझुवा में गिरिराज कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मनोज कुशवाहा राष्ट्रीय संगठन सचिव / प्रभारी बिहार ने सामाजिक और राजनीतिक विषयो पर वृहद चर्चा की उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने नगर पंचायत अझुवा से भारतीय जनता पार्टी की चेयरमैन प्रत्यासी शांती देवी कुशवाहा को समर्थन देने का ऐलान किया एवम क्षेत्रीय और नगर पंचायत के कार्यकताओं से चुनाव प्रचार प्रसार में जुट जाने का आह्वान किया है इस मौके पर सुभाष कुमार मौर्य जिला महासचिव,उमेश कुमार मौर्य जिला कोषाध्यक्ष, देशराज मौर्य,सचिन मौर्य,राधेलाल मौर्य,अवधेश कुमार मौर्य,अनिक कुमार मौर्य,भैया लाल मौर्य,दिलीप कुमार मौर्य,कुंवर मौर्य ,शिव पूजन मौर्य सहित तमाम मौर्य ,कुशवाहा समाज के लोग मौजूद रहे है।

भरवारी के वार्ड नंबर 24 में निर्दलीय प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

भरवारी कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी में निकाय चुनाव के लिए वार्ड नंबर 24 शहीद गुलाब सेन नगर में निर्दलीय प्रत्याशी ने जनसंपर्क किया, निर्दलीय प्रत्याशी ने वार्ड के लोगो से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।नगर पालिका भरवारी के वार्ड नंबर 24 शहीद गुलाब सेन नगर में निर्दलीय प्रत्याशी क्रीति सक्सेना पत्नी स्वर्गीय अजय सक्सेना ने वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क किया। निर्दलीय प्रत्याशी के जनसंपर्क अभियान में राजू सक्सेना, राकेश अरोड़ा,मुन्ना लाल केसरवानी, मलखान सिंह,सूरज प्रसाद , लल्लू पाल ,शिवलाल पाल, सुशील केसरवानी, के यश झा, दीपू , पूनम श्रीवास्तव, अशोक विश्वकर्मा, वंदना झा, निलेश केसरवानी, प्रदीप श्रीवास्तव रमेश केसरवानी सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे।

सकिपा प्रत्याशियों ने किया डोर टू डोर जनसंपर्क

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के नगर पंचायत चुनाव में जोरदार एंट्री से विपक्षी परेशान हैं। पार्टी के प्रत्याशियों को मिल रहे जोरदार जनसमर्थन से अन्य दलों एवं निर्दलीय प्रत्याशियों के होश उड़े हैं। सकिपा प्रत्याशियों द्वारा डोर टू डोर किए जा रहे जनसंपर्क से मतदाताओं ने इस बार समर्थ किसान पार्टी के प्रत्याशियों को नगर पंचायत का चुनाव जिताने का मन बना लिया है। गौरतलब है कि समर्थ किसान पार्टी के नगर पंचायत चरवा में अध्यक्ष पद के लिए राजू पासी और नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा से शोभा कोरी चुनाव मैदान में है। साथ ही सभासद पद के लिए मंझनपुर और पश्चिम शरीरा मे कई प्रत्याशी पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ रहे हैं। इस क्रम मे पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के अध्यक्ष और सभासद पद के प्रत्याशियों ने रविवार को डोर टू डोर जनसंपर्क किया। रविवार को चरवा नगर पंचायत के पहाड़पुर, पिपरी, ओदारपुर, सिरसी आदि गांवों में पार्टी के नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राजू पासी अपने दर्जनों समर्थको के साथ जबकि नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा से अध्यक्ष पद की प्रत्याशी शोभा कोरी अपने दर्जनों समर्थको के साथ सरपतही, टोनहा का पुरवा, घासी का पुरवा, डिहवा, नागचौरी का पुरवा आदि गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क किया और लोगों से मुलाकात की। लोगों द्वारा साकिपा प्रत्याशियों को मिल रहे समर्थको से अन्य दलों एवं निर्दलीय प्रत्याशियों के होश उड़े हैं। इसी तरह सभासद पद के पार्टी प्रत्याशियों को भी लोगों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। इस अवसर पर अजय सोनी, मनोज सोनी, सुरजीत वर्मा, राजन शुक्ला, रोहित साहू, आदित्य तिवारी, वसीम अहमद, जुम्मन अली आदि लोग मौजूद रहे।

जश्ने मदारे आजम कॉन्फ्रेंस जलसा का आयोजन हुआ संपन्न

कौशाम्बी। जिले के करारी क्षेत्र के अषाढ़ा गांव में। 30 अप्रैल 2023 रविवार को रात्रि नमाजे ईशा बाद 10:00 से 4:00 बजे तक शांतिपूर्ण जलसा का कार्यक्रम हुआ संपन्न 33वाः सालाना जश्ने मदारे आजम कॉन्फ्रेंस जलसे का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ तिलावत-ए-कुरान व नात-ए-नबी से शुरू हुआ। और नूरानी महफि ल का इनेकाद्द किया गया। जलसे को सफल बनाने के लिए देश के मशहूर मुख्य अतिथिः के रूप में। पीरे तरीकत हजरत सैयद मैहजर अली (मकनपुरी)व हजरत सैयद अजहर अली (मकनपुरी) हजरत सैयद सजर अली (मकनपुरी) नकीब ए आजम हिंदुस्तान मौलाना हजरत सैयद अरफात अली (मकनपुरी) मौलाना शाहिद रजा (फरुर्खाबादी) कमाल वारसी (कानपुरी) आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए हजरत सैयद अजहर अली द्वारा बताया गया कि कोई भी धर्म मानवता के खिलाफ कार्य करने की इजाजत नहीं देता है दीन हीन लाचार बेबस यतीम बेसहारा इंसान की हमेशा मदद करना चाहिए कोई भी मजहब शांति व सद्भाव को खराब करने की इजाजत नहीं देता है सभी का पैगाम अमन शांति व भाईचारे से रहने का दिया जाता है। हजरत सैयद अजहर अली ने कहा कि अहलेबैत ने फरमाया है कि मां बाप की इज्जत और खिदमत करने वाले लोग निजात पाएंगे माता पिता के साथ सगे संबंधियों व पड़ोसियों के साथ अच्छे व्यवहार रखें और पड़ोसियों का हक आप पे इतना है कि यदि किसी मुसलमान का पड़ोसी भूखा सो जाए और उस मुसलमान का पेट भरा हो तो उसकी नमाज कबूल नहीं होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि हर मां बाप अपने बच्चों को तालीम दें स्कूल और कॉलेजों में दाखिला कराएं और शादियों में ना दहेज ले और ना दहेज दें ऐसे लोगों के घर में रिश्ता ना करें इसी मौके पर तमाम उलेमाओं ने हिंदुस्तान में अमन चैन व शांति की दुआ मांगी व देश में सारे धर्म समुदाय के लोगों को एक साथ रहने व एक साथ जीने एवं शांति व सद्भावना बनाए रखने की दुआ मांगी और विश्व शांति राष्ट्र की एकता एवं अखंडता उन्नति खुशहाली आदि की विशेष दुआओं के साथ जलसा संपन्न हुआ। जश्ने मदारे आजम कॉन्फ्रेंस कमेटी के नौजवानों ने पूरी तरह से मुस्तैदी के साथ सफल बनाने में लगे रहें। इस अवसर पर अषाढ़ा समेत पड़ोसी गांवों से भी जायरीन भारी संख्या में तशरीफ लाकर जलसे को कामयाब किया। इस प्रोग्राम के कमेटी अध्यक्षः प्रिंसिपल मौलाना इरफान रजा,व बबलू मुस्सु समीम अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

शराब के साथ छः अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 103 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राजराम पुत्र बिन्देश्वरी सरोज निवासी बमरौली थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 9 लीटर अवैध शराब व शिवराम सरोज पुत्र दूनी सरोज निवासी टंगाई थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 14 लीटर अवैध शराब बरामद कर विधिक कार्यवाही की पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार पुत्र केदार निवासी बुद्धपुरी बरदाही बाजार थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब व कमलेश कुमार पुत्र बाबू लाल निवासी बरलहा थाना चरवा को 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया हैइसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वार अभियुक्त सुनील पासी पुत्र श्याम लाल निवासी समदापर मजरा शाखा सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 22 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वार अभियुक्त राजू निषाद पुत्र राजबहादुर निषाद निवासी कोरई शाखा थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 18 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

जन संपादकीय

कर्नाटक: जो जीता वही सिकंदर

शकील अख्तर

केजुअल एप्रोच कहीं नहीं चलेगी। बीजेपी का प्रबंध माइक्रो (जमीनी, हर पैमाने पर) स्तर पर होगा। वहां मुकाबला नहीं कर सकते। केवल मुद्दों के चयन के आधार पर ही लड़ सकते हैं। वे धर्म पर जाएंगे। विपक्ष को जनता के मुद्दों पर केन्द्रित रहना है। जातिगत जनगणना के सवाल को देखना है कि कितना धर्म की राजनीति के मुकाबले कारगर होते हैं। मौका अच्छा है। बस उसका उपयोग करना आना चाहिए। सवाल कांग्रेस से है! वह ऐसा चुनाव हर जगह क्यों नहीं लड़ती है? और यह सवाल हमारा नहीं जनता का है! जनता का इसलिए कि कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है। और देश भर में है। कर्नाटक में कांग्रेस ने अपने सारे महारथी उतार दिए हैं। नतीजे दिखने लगे हैं। प्रधानमंत्री मोदी गालियां गिनाने लगे हैं। व्यक्तिगत आरोप प्रत्यारोप में कांग्रेस को खींचने की कोशिश है। कांग्रेस जब भी इस पिच पर जाती है नुकसान उठाती है। वह भूल जाती है कि व्यक्तिगत आरोपों का जवाब देना भी मोदी को फायदा पहुंचाता है। कर्नाटक में परिस्थितियां उसके अनुकूल बनी हुई हैं। लेकिन मोदी वह खिलाड़ी हैं जो कांग्रेस की एक गलती से भी मैच पलट देने की क्षमता रखते हैं। अभी गुजरात चुनाव में हालांकि कांग्रेस आधे अधूरे मन से चुनाव लड़ रही थी मगर नए बने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को वहां अच्छा समर्थन मिल रहा था। लेकिन उनकी एक टिप्पणी जिसमें उन्होंने रावण कहा, के बाद मोदी ने गुजरात की सारी एंटी इनकम्बेन्सी को खत्म करके वहां कांग्रेस को अब तक की सबसे कम सीटों 17 पर समेट दिया था। याद रहे गुजरात में भाजपा 27 साल से है। मगर पिछली बार कांग्रेस ने वहां कड़ी टक्कर दी थी और 77 सीटों पर विजय हासिल की थी, लेकिन पिछले साल एक तो चुनाव को बेमन से लड़ने और दूसरे अनावश्यक बोलने से वह अपने आज तक के सबसे खराब प्रदर्शन पर पहुंच गई। इसी तरह 2019 के चुनाव में मोदी ने चौकीदार चोर है को भुनाया और उससे पहले 2014 में आज जो उसके बड़े हिमायती बने बैठे हैं, उन गुलाम नबी आजाद के कहां राजा भोज कहां गंगू तेली के मुहावरे को अपनी जाति के खिलाफ बताते हुए उसका फायदा उठाया। कांग्रेस की समस्या यह है कि वह इस बात को समझ ही नहीं रही कि उसके प्लस पाइंट क्या हैं और मोदीजी के क्या! इन्दिरा गांधी इस बात को जानती थीं। और कभी विपक्ष की पिच पर नहीं जाती थीं। वे अपने हर भाषण में विपक्ष खासतौर से भाजपा को दक्षिणपंथी, प्रतिक्रियावादी, पूंजीवाद समर्थक कहती थीं। कालाबाजारी, जमाखोरी पर लगातार हमले करते रहती थीं। उनके समय हर दुकानदार को सामान की कीमत, उसकी उपलब्धता बड़े से बोर्ड पर लिखकर मय तारीख के रोज दुकान के बाहर लगाना होती थी। और बोर्ड भी बड़ा। सामने ताकि दिखे। वे अपने पूंजीपति विरोधी रवैये से कभी नहीं हटती थीं। विपक्ष को विकल्प ही नहीं देती थीं। राजनीति करना है तो गरीब और अमीर पर करो। और कोई अजेंडा चलने ही नहीं देती थीं। बैंकों का राष्ट्रीयकरण, राजाओं के प्रिविपर्स खत्म करके उन्होंने जो गरीब समर्थक छवि बनाई थी उसे वे हमेशा कायम रखती थीं। भाजपा, उस समय जनसंघ खूब उन पर व्यक्तिगत प्रहार करती थी। एक से एक गंदी बातें उनके लिए कही गईं। विधवा अशुभ होती है से लेकर महिला का नेतृत्व पुरुष के लिए शर्म की बात जैसी जाने कितनी बातें कही जाती थीं। उनकी नाक पर ईंट मारी गई। फिर नाक की चोट को लेकर मजाक बनाया गया। मगर इन्दिरा गांधी कभी इस जाल में नहीं फंसी। उन पर जब भी व्यक्तिगत प्रहार होते थे, वे कहती थीं 'मैं कहती हूं गरीबी हटाओ यह कहते हैं इन्दिरा हटाओ।' दक्षिणपंथ मुद्दों से बचता है। वह व्यक्तिगत बहस मुबाहिसा चाहता है। अभी देखा होगा जब राहुल कमजोर लगते थे तो रोज यह बहस होती थी कि मोदी नहीं तो कौन? इस बहाने राहुल का चरित्रहनन किया जाता था। लेकिन भारत जोड़ो यात्रा के बाद जब इन्हें अहसास हो गया कि राहुल बड़ी ताकत बन गए हैं तो इन्होंने राहुल पर हमला छोड़कर खुद को मुद्दा बना लिया। कांग्रेस इसमें फंसती है। पहले कर्नाटक में खड़गे ने एक शब्द सांप का बेवजह प्रयोग किया। कांग्रेस की समस्या यह है कि यहां कोई सेन्ट्रल थिंक टैंक ही नहीं है। किसी को मालूम ही नहीं कि क्या कहना है और उससे ज्यादा क्या नहीं कहना। खड़गे बहुत अनुभवी हो सकते हैं। मगर राजनीति में अनुभव बहुत सारे गुणों में से केवल एक है। सबसे बड़ी चीज तो राजनीतिक बुद्धि होती है। पोलिटिकलसेंस। क्या कहना है। और फिर वही बात कि क्या नहीं कहना। जैसे अच्छा वकील कभी अपनी ड्राफ्टिंग में एक भी शब्द अनावश्यक नहीं लिखता। बहस में एक भी शब्द ज्यादा नहीं बोलता वैसे ही आज की राजनीति में जरूरत है। भाजपा के पास जानकारी है। विश्लेषण है। नतीजों का अनुमान है। इनके पास क्या है? केजुअल एप्रोच! वहां एक छोटे नेता ने कहा सोनिया गांधी के खिलाफ यहां सारे नेता अपनी वफादारी साबित करने में लग गए। अरे सोनिया के बारे में तो 2004 से पहले यह सब कह चुके हैं। अब कुछ नया नहीं है। क्यों इस जाल में फंसते हो। यहां तो महात्मा गांधी तक को गालियां दी जा रही हैं और समझने की बात यह है कि बिना सोचे समझे नहीं। सोच कर। इससे उन्हें फायदा होता है। कविता, शेरो-शायरी, मुहावरे मुश्किल विधा है। जरा सा भी इधर-उधर होने में नुकसान कर जाते हैं। मुहावरे, कहावतें एक क्षेत्र के दूसरे क्षेत्र में नहीं चलते। खड़गे अध्यक्ष बनने के बाद अपने कर्नाटक की एक कहावत मोहर्रम, बकरी को बहुत सुनाते थे। मगर यहां उत्तर भारत में कोई समझ ही नहीं पाता था। उल्टा कुछ नेगेटिव अर्थ जरूर ले लेते थे। अब कांग्रेसी किस का क्या समर्थक वर्ग है यह समझे बिना तर्क देने लगते हैं कि मोदी ने तो यह यह कहा। मगर इतनी सी बात उनकी समझ में नहीं आती कि क्या इससे मोदी का एक वोट भी कम हुआ?

भ्रष्टाचारी कमीशन - 40 प्रतिशत बनाम 85 प्रतिशत

किशन भावनानी

10 मई 2023 को कर्नाटक में चुनाव हैं, इसलिए वहां जोरों से राजनीतिक पार्टियों का चुनाव प्रचार,एक दूसरे पर भ्रष्टाचार का शाब्दिक वार आरोप-प्रत्यारोपों का मौसम छाया हुआ है। दो मुख्य पार्टियों में भ्रष्टाचार के 40 प्रतिशत कमीशन का जवाब 85 प्रतिशत कमीशन के रूप में दिया जा रहा है। दशकों पूर्व के तत्कालीन पीएम के दिल्ली से एक रुपए निकलने पर हितधारकों को 15 वैसे ही मिलने वाले वाक्य को दोहराया जा रहा है तो सत्ताधारी पार्टी पर 40 प्रतिशत कमीशन का आरोप लगाया जा रहा है रेखांकित करने वाली बात यह है कि आरोप दोनों पार्टियों के किसी छोटे नेता नहीं बल्कि अति विशिष्ट उच्च हाई लेवल नेताओं द्वारा एक दूसरे पर लगाए जा रहे हैं जो आज दिनांक 30 अप्रैल 2023 को दिनभर टीवी चैनलों पर चलते रहे परंतु हमें बड़े बुजुर्गों की बात भूलना नहीं चाहिए कि भ्रष्टाचारी लाख करे चतुराई कर्म का लेख मिटे ना रे भाई। चूंकि आज भ्रष्टाचार का मुद्दा चरम सीमा पर छाया रहा आरोप-प्रत्यारोप लगते रहे, इसीलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भ्रष्टाचारी कमीशन 40 प्रतिशत बनाम 85 प्रतिशत।

साथियों बात अगर हम वर्ष 1957 में प्रदर्शित फिल्म चंडीपूजा का रामचंद्र नारायणजी द्विवेदी उर्फ कवि प्रदीप द्वारा लिखा गीत, कोई लाख करे चतुराई कर्म का लेख मिटे ना रे भाई, जरा समझो इसकी सच्चाई रे, कर्म का लेख मिटे ना रे भाई यह गीत आज हर राजनीतिज्ञ शासकीय कर्मचारी युवा वर्ग और भ्रष्टाचार रूपी मीठी मिठाई खाने वालों को जरूर सुनना चाहिए, क्योंकि भ्रष्टाचार कमीशन एक ऐसा बीज है, जो हमेशा उसे बोने के लिए ललचाता है, खुद हर किसी के शरीर में जाकर पनपने को लालायित रहता है ताकि अपनी जड़ें जमा कर अपने शिकार को वर्तमान सहित उसके बुढापे में रिटायरमेंट में अधिक सुविधा और शुद्धता से अपना निवाला बना सके!! उसकी जिंदगी नर्क करे। परंतु हम मनीषजीव उसकी इस चाल को समझ नहीं पाते और आधुनिक सुख-सुविधाओं, अपने क्षमताओं से अधिक सुख भोगने, समाज में दिखावा करके, एंजॉयमेंट रसों लोगों का स्वाद चखने, अपनीं अपनीं जिंदगी जरूरत से अधिक सुगम बनाने के लिए भ्रष्टाचार रूपी खतरनाक बीज के झांसे में आकर उसे अपनाते है अपने शरीर में उससे खरीदी वस्तुओं का उपभोग कर अपने खून में उसे घोलतें है, जिससे उस बीज को शरीर में फलने फूलने का आश्रय और विकास करने की क्षमता प्रदान करतें है, जिसका भुगतान भ्रष्टाचारी को खुद और अपने परिवार सहित अपने कुल को चक्रवर्ती ब्याज सहित भुगतान करना पड़ता है,जिसे हम सब अपने आसपास और समाज में देखते भी हैं कि किस तरह ऐसे लोग हमेशा विवादों में तकलीफों में बीमारियों के घेरे में रहते हैं, उनके परिवार हमेशा विपत्तियों के घेरे में रहते हैं और उम्र के अंतिम पड़ाव में नोटों के पहाड़ डहने लगते हैं जिसका उदाहरण हम पिछले कुछ दिनों से ईडी सीबीआई और अन्य एजेंसियों के रेड में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में देख सुन रहे हैं करीब-करीब रोज टीवी चैनलों पर नेताओं मंत्रियों ऑफिसरों से बरामद चमकती हुई नोटों की हरी गुलाबी गाडियां दिखाई जाती है जिन्हें गिनने मशीनें भी कम पड़ जाती है। इसलिए बड़े बुजुर्गों की कहावत सही है जब संभलो सवेरा तभी शुरू होता है, सुबह का भूला शाम को लौटे तो भुला नहीं कहते इसलिए कवि प्रदीप का उपरोक्त गीत सुनकर समझने की कोशिश करें,ऐसा मेरा मानना है इसके साथ ही मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मेरा उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचानां नहीं है अपितु भ्रष्टाचार रूपी असुर दानव को भारत माता की गोद से कोसों दूर भगाना है जो दीमक की तरह देश को चट कर रहा है।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार निवारण में समाज की भूमिका की करें तो, समाज ही सभी अच्छाईयों व बुराईओं का स्त्रोत व उत्तरदायी हैं। समाज द्वारा चुने लोग ही सरकार में भेजे जाते हैं इसलिए मतदान का बटन बहुत सोच समझ कर करना चाहिए। हमारे समाज के लोग ही सरकारी नौकरियों व पदों पर रखे जाते हैं। इसका अर्थ यह है कि समाज के अन्दर ही भ्रष्टाचार का बीज विद्यमान हैं। हमें अपने समाज में सुधार करने की आवश्यकता हैं। इसके लिए आवश्यक हैं कि हमे ऐसे लोगो को प्रमुख जिम्मेदारी देनी चाहिए जो विद्वान, योग्य हो और समाज हित व देश हित की मंशा रखते हैं। हमें सबसे पहले शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को शुरू से ही अच्छे कार्य करने की शिक्षा देनी चाहिए। उन्हे गलत कार्यों व लालच से दूर रहने की सलाह देनी चाहिए। यह जिम्मेदारी प्रत्येक माता पिता, बुजुर्ग, शिक्षक व अन्य सभी प्रमुख व्यक्तियों की है कि, वे भ्रष्टाचार मुक्त समाज व राष्ट्र का निर्माण करने में सहायक बने और दूसरों को भ्रष्टाचार करने से रोकें व उन्हें शिक्षित करें। साथियों बात अगर हम केंद्र सरकार को मिलने वाली भ्रष्टाचार की शिकायतों की प्रक्रिया की करें तो, शिकायतें केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) के जरिये मिलती है, जो एक ऑनलाइन पोर्टल है, जो नागरिकों को सरकारी विभागों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की सुविधा देता है। अगस्त-2022 के लिए जारी सीपीजीआरएएमएस रिपोर्ट में बताया गया है कि इस साल अब तक अकेले भ्रष्टाचार की श्रेणी के तहत 46 हजार 627 जन शिकायतें प्राप्त हुई हैं गौरतलब है कि सीपीजीआरएएमएएस पर जन शिकायतों के समाधान की समयसीमा 45 दिन से घटाकर 30 दिन कर दी जा चुकीहै पिछले पांच वर्षों में सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर औसतन 19 लाख शिकायतें मिली हैं।

साथियों बात अगर हम हाल ही में जारी नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की भ्रष्टाचारियों पर जारी रिपोर्ट 2022 की करें तो, रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि एक जनवरी से 25 अगस्त 2022 के बीच कुल 7 लाख 50 हजार 822 जन शिकायतें मिलीं, जिनमें पिछले साल की लंबित 68 हजार 528 जन शिकायतें शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक जनवरी से 25 अगस्त 2022 के बीच प्राप्त 7 लाख 50 हजार 822 जन शिकायतों में से 7 लाख 27 हजार 673 का निपटारा किया जा चुका है, जबकि 91 हजार 677 लंबित हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कुल लंबित जन शिकायतोंमें से 2 हजार 157 का एक साल से अधिक समय से निपटारा नहीं किया जा सका है, इसमें कहा गया है कि 10 हजार 662 जन शिकायतें छह महीने से अधिक समय से, 47 हजार 461 जन शिकायत 30 दिन से अधिक समय से और 44 हजार 216 जन शिकायतें 30 दिन से कम से समय से लंबित हैं।

साथियों हाल ही में नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट में भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई के जो आंकड़े जारी हुए हैं, वह चौंकाने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2020 की तुलना में 2021 में भ्रष्ट सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों के पकड़े जाने के मामले 65 प्रतिशत तक बढ़ गए। अनेक सरकारी अधिकारी और कर्मचारी तो रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़े गए, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है- पूरे साल में बहुत कम भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे पहुंचे।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2021 और ट्रांसफिरेंसी इंटरनेशनल भ्रष्टाचार इंडेक्स 2021की करें तो, भ्रष्टाचार के मामले में भारत का मौजूदा हाल भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2021में भारत पिछले साल की तरह 85 वें स्थान पर काबिज है। 2013 के बाद से इस सूचकांक में भारत की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इससे पहले के दो सालों 2014 और 2015 में भारत का स्कोर 38 था। 2016 में यह स्कोर बढ़कर 40 हुआ और 2017 में भी यही रैंक बना रहा। साल 2018 में भारत 1 नंबर की बढोत्तरी के साथ सूचकांक में सबसे बेहतर 41 के स्कोर पर जा पहुंचा था। 2019 में भी भारत का स्कोर इतना ही बना रहा। साल 2020 में भारत एक अंक से पीछे पहुंच गया और दोबारा 40 के स्कोर पर जा पहुंचा। 2021 में भी भारत के स्कोर में कोई सुधार नहीं हुआ और अब भी यह 40 ही बना हुआ है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2021 ने ताजा रिपोर्ट जारी की है, इस 180 देशों के भ्रष्टाचार धारण इस सूचकांक में भारत 2020 की तरह 2021 में भी 85 वें स्थान पर बना हुआ है। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2021 में भारत का नंबर 40 है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भ्रष्टाचारी कमीशन - 40 प्रतिशत बनाम 85 प्रतिशत।

डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष को हटाने की पहलवानों की मांग जायज

प्रकाश कारत

महिलाओं के लिए लोकप्रिय समर्थन की बाढ़ के बाद, मंत्रालय को एक महीने के भीतर जांच पूरी करने के लिए एक समिति गठित करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, तीन महीने बाद ही रिपोर्ट सौंपी गई, लेकिन शिकायतकताओं को रिपोर्ट की कॉपी नहीं मिली है। यह फिर से कानून का उल्लंघन है। शिकायतकर्ता को किसी भी जांच रिपोर्ट की एक प्रति देना अनिवार्य है। अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं समेत देश के कई शीर्ष पहलवान दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दे रहे हैं। वे उस स्थान पर लौट आये हैं जहां उन्होंने पहली बार जनवरी में धरना दिया था क्योंकि सरकार और खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह जो एक भाजपा सांसद हैं तथा कुछ कोचों के खिलाफ कई महिला पहलवानों द्वारा की गई यौन उत्पीड़न की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं की है। खेल मंत्रालय शुरू से ही शिकायतों को गंभीरता से लेने से इनकार करता रहा है। यही वजह है कि जनवरी में पहलवानों को धरने पर बैठने को मजबूर होना पड़ा था। पॉश अधिनियम में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि एक जांच लंबित होने तक, प्रतिवादी को किसी भी प्रभाव के पद से हटा दिया जाना चाहिए जो शिकायतकर्ता की मांग पर उसकी भलाई को प्रभावित करता है। फिर भी प्रतिवादी भाजपा सांसद महासंघ के अध्यक्ष के रूप में बने हुए हैं। महिलाओं के लिए लोकप्रिय समर्थन की बाढ़ के बाद, मंत्रालय को एक महीने के भीतर जांच पूरी करने के लिए एक समिति गठित करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, तीन महीने बाद ही रिपोर्ट सौंपी गई, लेकिन शिकायतकताओं को रिपोर्ट की कॉपी नहीं मिली है। यह फिर से कानून का उल्लंघन है। शिकायतकर्ता को किसी भी

जांच रिपोर्ट की एक प्रति देना अनिवार्य है ताकि आवश्यकता पड़ने पर वह अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील कर सके। लेकिन इसके बजाय, मंत्रालय ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि रिपोर्ट प्रक्रियात्मक कमजोरियों की ओर इशारा करती है लेकिन उसमें यौन उत्पीड़न नहीं है। उसके बाद फिर, धरने पर बैठने से पहले महिला पहलवानों ने नयी दिल्ली के एक पुलिस स्टेशन में एक लिखित शिकायत देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी क्योंकि उनके अनुसार उक्त सांसद के आवास में यौन उत्पीड़न के कम से कम चार मामले हुए थे। उनमें एक शिकार नाबालिग भी थी। चूंकि ये मामले उसी थाना के अधिकार क्षेत्र के तहत हुए थे इसलिए कानूनी रूप से पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने के लिए बाध्य है। हालांकि गृह मंत्रालय के अधीन आने वाली दिल्ली पुलिस ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। एक बार फिर यह कानून का मजाक है। जिस तरह से पूरे मामले को निपटाया गया है, उससे पता चलता है कि सरकार कार्रवाई करने को तैयार नहीं है और समय खरीदना चाहती है। वजह साफ है- बृजभूषण शरण सिंह छह बार के सांसद हैं और उत्तरप्रदेश में गोंडा और आसपास के क्षेत्रों की सत्ताधारी पार्टी के प्रभावशाली सदस्य हैं। उन्हें एक मजबूत आदमी माना जाता है, बाहुबली, आपराधिक पृष्ठभूमि के साथ, और उनका दबदबा पार्टी के लिए उपयोगी है। अपने नेताओं और यहां तक कि मंत्रियों के खिलाफ लगाये गये यौन उत्पीड़न के आरोपों के प्रति भाजपा का रवैया उन्हें बचाने और कार्रवाई से बचने की कोशिश करने वाला है। जिस समय पहलवान जनवरी में विरोध कर रहे थे, उस समय हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ जूनियर महिला कोच की ओर से यौन उत्पीड़न की एक और शिकायत की गई थी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने से इनकार कर दिया और केवल उन्हें खेल विभाग से मुक्त कर दिया। मंत्रालय से उन्हें हटाने की मांग को लेकर खेल जगत की शख्सियतों और महिला संगठनों द्वारा लंबे समय तक आंदोलन किये जाने के बावजूद, भाजपा ने ऐसा करने से इनकार कर दिया है। अपना विरोध शुरू करने के बाद, सात महिला पहलवान पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज न करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट गई हैं। अदालत ने इस मुद्दे को तत्काल उठाने का फैसला किया है क्योंकि मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने पाया कि आरोप गंभीर थे और पुलिस को नोटिस जारी किया था। ऐसा लगता है कि अगर अदालत उन्हें निर्देश देगी तो पुलिस कार्रवाई करेगी। अपने नेताओं और निर्वाचित प्रतिनिधियों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को खारिज करने और भाजपा द्वारा उन्हें बचाने की कोशिश करने का पैटर्न बार-बार आ रहा है। इसके प्रमाण के लिए किसी को भी केवल 2017 में उत्तर प्रदेश के उन्नाव में कुख्यात कुलदीप सिंह सेंगर मामले को याद करने भर की आवश्यकता है। भाजपा विधायक सेंगर पर 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के बलात्कार का आरोप लगाया गया था और शुरू में राज्य सरकार और पुलिस ने उसे बचाने की भरपूर कोशिश की थी। जनता के आक्रोश और उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद ही यह मामला सीबीआई को सौंप दिया गया और अंततः सेंगर को गिरफ्तार कर लिया गया और सजा सुनाई गई। बृजभूषण शरण सिंह मामले में भी इसी पैटर्न का पालन किया गया है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने हाल ही में दावा किया था कि यूपी में 'अपराधी और असामाजिक लोग अतीत की बात हो गये हैं'। उन्हें यह जोड़ना चाहिए था कि अपवाद केवल वही हैं जो सत्तारूढ़ों के समुदाय और उनके साथ राजनीतिक संबद्धता वाले अपराधी हैं।

स्वास्थ्य एवं समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रीय विकास की संभावनाएं'

संजीव ठाकुर

सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी कुपोषण और साक्षरता बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब इंसान खेलता है। प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करने को माना गया है। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए। इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता के हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है। जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है की यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निसंदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ एशिया, अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है। विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुकी है। भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 135 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर-तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है। यह निसंदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है,जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई है। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं। विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं। विकास यानी गरीबी हटाने के घरेलू उपाय का अच्छा रोजगार देने में विज्ञान का योगदान बहुत ज्यादा रहा है।

आजकल फिर से कोरोना का बाजार गरम...

डॉ. सुरेश कुमार

आजकल फिर से कोरोना का बाजार गरम है। कोरोना की चौथी लहर से वातावरण गमार्ता जा रहा है। इत्मिनानी मिजाज पहले चौकन्ना होना छोड़ देता है। इसीलिए आजकल मास्क गायब हैं। जहाँ हैं वहाँ उनका खेल बड़ा निराला है। किसी की ठुड्डी पर तो किसी के गले पर सुहा रहा है। जहाँ सुहाना चाहिए वहाँ कोरोना सुहा रहा है। यह सब देखकर लगता है कि नियम कायदे केवल यातायात के ही नहीं कोरोना के भी तोड़े जाते हैं। नो पार्किंग जोन में गाड़ी और नाक-मुँह को छोड़कर हर जगह मास्क दिखायी दे रहा है। मौत की आबोहवा में हथेली में जान लेकर फिरना कोई बच्चों का खेल नहीं है। ऐसे नमूने मास्कधारियों को बॉर्डर पर होना चाहिए। सरकार लाख चाहे अपील कर ले इनके कानों पर जूँ तक नहीं रेंगती। लगता है कोरोनाकाल में जूँ अपने कानधारियों से अधिक समझदार हो गए हैं। किसी ने नमूने मास्कधारी से पूछ लिया कि कोरोना भगाने का सबसे बड़ा उपाय क्या है, तो उसने मौके पर चौका मारते हुए कहा झ्र करना क्या है, देश भर में तब तक चुनावी रैलियाँ, मतदान करवाओ जब तक ससुरा कोरोना भाग नहीं जाता। फिर देखें कैसे कोरोना दुम दबाकर भागता है। नेताओं के हाथों सतायी गयी अभागी जनता की यातनाओं को देखकर कोरोना की सारी कुटिल चालें धरी की धरी रह जायेंगी। हृदयहीन नेताओं के बीच भोली-भाली जनता की भीड़ देखकर उसके छक्के छूट जायेंगे। वह तो छोटे-छोटे समूहों को तलाशता रहता है। नौकरीपेशा लोगों, व्यस्त गृहणियों और पढ़ने वाले बच्चों की मजबूरी देखकर अपना उत्पात मचाता रहता है। नेताओं की अघोरी चुनावी मुद्राएँ देखकर इसकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो जाती हैं। नेताओं के जोरदार भाषणों में उसे खुद की मौत सुनाई देती है। उसे रैलियों में अपने मौत का तांडव दिखलाई देता है। अबोध, निरीह बेगुनाह की हालत देख कोरोना भयभीत करने में अपनी मर्दानगी समझता है। दम है तो चुनावी रैली में जाकर दिखाए। उसकी नानी न याद आ गई तो पूछो मत। रैलियों में लोग इतने सट-सटकर खड़े होते हैं कि कोरोना उनके बीच आ जाए तो उसका कचूमर निकल जाए। यदि वह अपना चेहरा दिखा दे उसे झुलसाने से भी लोग पीछे नहीं हटेंगे। इसीलिए कोरोना नेताओं और मतदाताओं से ज्यादा सरकार और भोली जनता को पसंद करता है। वह क्या है न कि चुनावी दिनों में नेता और मतदाता पर मातामाई चढ़ जाती है।

शिकागो के शहीद मजदूरों को भाकपा ने दी श्रद्धांजलि

ठेकेदारी प्रथा ने मजदूरों-युवाओं की तोडी कमर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाकपा कैंप कार्यालय में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष का सत्यहरन यादव की अध्यक्षता में मजदूर दिवस मनाया गया। का सत्यहरन ने अमेरिका के शिकागो शहर में एक मई 1886 को आठ घंटे काम को लेकर हुई हड़ताल के शहीद मजदूरों की याद में दुनिया भर में मनाए जाने वाले विश्व श्रमिक दिवस पर कहा कि जब तक मजदूरों का शोषण जारी रहेगा, तब तक संघर्ष भी जारी रहेगा।

सोमवार को भाकपा कैंप कार्यालय में का सत्यहरन यादव ने कहा कि भारत में संगठित आंदोलन की शुरूआत सन 1920 में ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस की स्थापना के साथ हुई थी। जिसके अध्यक्ष स्वाधीनता सेनानी लाला लाजपत राय हुए। 15 अगस्त 1947 को आजादी मिलने से पहले लगभग सभी प्रमुख श्रम कानून अस्तित्व में आ चुके थे। इन श्रम कानूनों के चलते देश के श्रमिकों को अपने संघर्षों में काफी फायदा मिला। संघर्षों और कानून के चलते श्रमिकों के जीवन में कुछ बदलाव भी आए। असंगठित क्षेत्र में श्रम कानूनों के प्रभावी न होने के चलते असंगठित क्षेत्र के करोड़ों मजदूर लाभ नहीं ले सके। जरूरी था कि श्रम कानूनों को और सख्ती के साथ लागू

किया जाए और प्रभावी बनाया जाए, दुर्भाग्य है कि वर्तमान केंद्रीय सरकार ने सभी श्रम कानूनों को देश की लोकसभा और राज्यसभा में अपनी बहुमत की सरकार के बल पर खत्म कर दिया है। अभी भी पुराने कानून प्रभावी हैं और नए श्रमिक कोड लागू नहीं हुए, जिस दिन लागू हो जाएंगे श्रमिकों को मिलने वाले अधिकार भी समाप्त हो जाएंगे।

भाकपा जिला सचिव का अमित यादव एड ने कहा कि सरकार के आउटसोर्सिंग और ठेकेदारी प्रथा लागू करने से श्रमिकों को ही नहीं युवाओं पर भारी कुठाराघात किया है। ठेकेदारी प्रथा को पूरी तरह समाप्त कराना होगा। देश के सभी सार्वजनिक उद्योग एवं विभाग को न केवल सुरक्षित करना है, बल्कि उसे और मजबूत बनाना है। दुर्भाग्य है कि केंद्र और राज्य सरकार सार्वजनिक उपक्रमों व श्रमिक विरोधी है तथा जनविरोधी है। इस देश के सभी मजदूरों में राजनीतिक एवं सामाजिक चेतना की आवश्यकता है। का विनोद कुमार पाल ने कहा कि वर्तमान में श्रमिक आंदोलन को अत्यंत ही चुनौतीपूर्ण है। इस चुनौती को दृढ़ता और मजबूती के साथ मुकाबला करना होगा।

इस मौके पर शिकागो के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। अब तक देश और दुनिया के तमाम श्रमिक आंदोलनों में शहीद श्रमिकों और उनके नेताओं की शहादत को याद किया। इस मौके पर का सुशील सिंह, हनुमान, संजय प्रधान, रामशरन वर्मा, रेवतीरमण, एआरपी भाई, दादूराम, भूषण, दिनेश कुमार स्नेही, गोपी, बेलिया समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

निकाय चुनावों में हर पार्टी के प्रत्याशियों ने लगाया जोर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट । निकाय चुनावों में हर पार्टी अपना दम-खम लगाए हुए है।कांग्रेस पार्टी ने नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी सामान्य सीट पर पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले निरंजन कुशवाहा पर दांव लगाया है। चुनाव मजबूती से लड़ा जाए उसके लिए कांग्रेस पार्टी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य व कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र की पर्यवेक्षक के रुप में नियुक्ति की है।श्री मिश्र को कुशल संगठक माना जाता है।वह कांग्रेस के कुशल प्रशिक्षक भी हैं।उन्होंने पर्यवेक्षक बनते ही कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, प्रत्याशी व वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ लगातार बैठकें कर आगे की रणनीति बनाई।वरिष्ठ कांग्रेसियों को नेतृत्व की मंशा से अवगत कराया।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुवेर्दी इस चुनाव में प्रमुख भूमिका निभाएंगे।श्री मिश्र की पर्यवेक्षक के रुप में नियुक्ति से सभी कांग्रेसियों में उत्साह है और सबने कांग्रेस नेतृत्व के इस कदम का स्वागत किया।जिलाध्यक्ष कुशल पटेल,निरंजन कुशवाहा, त्रियुगीनारायण शुक्ला, रंजना पाण्डेय,निर्मला भारती,नीरु गुप्ता,सत्यनारायण कोल,हेमराज त्रिपाठी, गुरदीन दुबे,चुनबाद प्रसाद,राजनारायण यादव,सलमान सिद्दीकी,राजकुमार गर्ग,अतहर हुसैन,राकेश वर्मा, शिवगुलाम वर्मा, मेनका कोल,अरुण गुप्ता,नरवेश सचान,भोला नामदेव,हरीश तिवारी,दिनेश प्रजापति आदि सहित कई ने हर्ष व्यक्त किया है।

ड्यूटी में पुलिस कर्मी न करें लापरवाही: एसपी, प्रयागराज-प्रतापगढ़ चुनाव ड्यूटी को गये पुलिस कर्मी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस लाइन स्थित कान्हा सभागार में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस बल को ब्रीफ करते हुए प्रयागराज एवं प्रतापगढ़ चुनाव ड्यूटी को बसों को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों से कहा कि चुनाव ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी से करें। किसी के प्रलोभन में न आयें। ड्यूटी दौरान अपने घरों में न जायें। कोई भी पुलिस कर्मी चुनाव ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही नही करेगा। प्रयागराज एवं प्रतापगढ़ में सभी लोग निर्धारित स्थान पर ठहरेंगे। कोई भी अपने घर नही जायेगा।

उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने टोली प्रभारी से उच्चाधिकारियों को अवगत करायें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कोई भी किसी के लालच या प्रलोभन में नही आएगा। सभी लोग निर्धारित बसों में अनुशासन से जायेंगे। कोई भी पुलिस कर्मी प्राइवेट वाहन से नहीं जाएगा। चुनाव ड्यूटी को 278 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रयागराज व प्रतापगढ भेजा गया है। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

मजदूर दिवस पर आभास महासंघ ने मजदूर हितों की उठाई मांग

एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। आभास महासंघ चित्रकूट यूनिट ने मजदूर दिवस पर मजदूरों की मांग को लेकर राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।

सोमवार को जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि भारत समेत पूरे विश्व में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। आज भी मजदूरों के साथ सामाजिक एवं आर्थिक विषमता के चलते उद्योगों एवं निजी कंपनियों एवं ठेकेदार मजदूरों से 12 घंटे काम कराते हैं। डॉ भीमराव अंबेडकर ने 1942 से 1946 में 12 घंटे की जगह आठ घंटे किया था। इस निर्णय को भारतीय सरकारों ने बदलकर पुनः

12 घंटे कर दिया है।

ये मजदूर हित में नहीं है। कंपनियों व ठेकेदारों ने मजदूरों को बंधक बना लेते हैं। मांग उठाई कि मजदूरों को प्रतिदिन मजदूरी देने के साथ दुर्घटना बीमा, जीवन बीमा, आधार कार्ड से पूरे देश में निःशुल्क दवाई, निःशुल्क शिक्षा सरकार को देनी चाहिए। संगठन के कुंवर आशीष सिंह यादव एड ने कहा कि भू-माफिया, दादू दबंगों, गुंडा मजदूरों से काम करवाकर मजदूरी नहीं देते। मजदूरों को बंधक बनाकर पिटाई की जाती है। तमाम तरह के वीडियो सोशल मीडिया में देखने को मिलते हैं। हाल में ही भाजपा विधायक विपुल दुबे ने एक मजदूर को बंधक बनाकर पीटकर मां-बहन की गालियां देकर बेईज्जत किया था। सरकार से मांग है कि मजदूर सुरक्षा को कठोर कानून बनाकर लागू किये जायें। मजदूरों को अधिकार देते हुए उनके सम्मान व अधिकारों की रक्षा की जाये।

इस मौके पर संगठन के कृष्ण कुमार वर्मा, सुशील कुमार वर्मा, राजकरण वर्मा, मोनू यादव, अशीष यादव, रामबरन यादव, रामबाबू प्रजापति, विनोद पाल, विक्रम सिंह, अरुण पाल, राजेंद्र कुमार, अशोक दिवाकर आदि मौजूद रहे।

मजदूरों के काम को निर्धारित करें आठ घंटे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ने मजदूर दिवस पर तुलसी पार्क में अध्यक्ष का शोभराज मिश्रा की अगुवाई में उप श्रमायुक्त को मजदूरों की बाबत ज्ञापन सौंपा। का देवेन्द्र सिंह ने कहा कि कम्पनियां मजदूरों का शोषण कर रही हैं।

सोमवार को सौंपे ज्ञापन में का देवेन्द्र सिंह ने लेबर कमिश्नर से मांग किया कि मजदूरों के कार्य का समय आठ घंटे किया जाये। मजदूर दिवस पर फार्मा सेक्टर को इंडस्ट्रियल घोषित कर श्रम कानूनों वेज कोड रदद् कर जीवन रक्षक दवाइयों से जीएसटी हटाई जाये। का अमित पाण्डेय, का कृष्णा पाण्डेय, का पारुल, का अभिषेक सिंह, का धनराज सिंह, का अभिषेक श्रीवास्तव, का भूमेश्वर पाण्डेय समेत सभी कामरेड मौजूद रहे।

हत्या की घटना का पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा-हत्यारे भाई समेत मृतक की पत्नी गिरफ्तार

अवैध सम्बन्धों में हुई हत्या

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर कोतवाली कर्वी पुलिस ने 24 घंटे में हत्या की घटना का खुलासा किया है। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी ने लौढ़िया खुर्द गांव में हुयी हत्या की घटना का खुलासा कर हत्यारोपी व सहआरोपी महिला को दबोचा है।

ज्ञात है कि 29-30 अप्रैल की रात लौढ़िया खुर्द गांव के आलोक के डेरा में आलोक पटेल पुत्र गुलाब सिंह की हत्या कर दी गयी थी। इस बाबत मृतक के चाचा अवधनरेश पुत्र हरीशचन्द्र की तहरीर पर कोतवाली कर्वी में हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस

अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जल्द खुलासे के निर्देश कर्वी कोतवाल को दिये थे। कर्वी कोतवाल ने विवेचना में मिथलेश पुत्र गुलाब सिंह निवासी लौढ़िया खुर्द व सहअभियुक्त सावित्री पत्नी स्व आलोक को गिरफ्तार किया। पूंछताछ में मिथलेश ने बताया कि वह मृतक आलोक का सगा भाई है। भाभी सावित्री से प्रेम संबंध था। इसके चलते सावित्री व उसने मिलकर आलोक को रास्ते से हटाने की योजना बनायी। इसके तहत 29-30 अप्रैल की रात मिथलेश जो रायपुर छत्तीसगढ़ में मजदूरी करता था। गांव आकर भाई आलोक को फोनकर रास्ते से घर ले जाने को बुलाया था। रास्ते में अपने खेत वाले डेरा पर बैठकर दोनों ने एक साथ शराब पी, फिर घर की ओर चल पड़े। आलोक के नशे में होने पर मिथलेश ने आलोक के सिर में डंडे से हमलाकर हत्या कर दी। खुद घर न जाकर मौके से फरार हो गया।

इस मामले में साजिश की धारा 120बी के तहत सावित्री देवी को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने हत्या की घटना का 24 घण्टे के अन्दर खुलासा कर दिया। पुलिस टीम को एसपी ने उत्साहवर्धन को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। टीम में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी, निरीक्षक अपराध अजीत कुमार पाण्डेय, दरोगा श्यामदेव सिंह, दीवान सर्विलांस जितेन्द्र कुमार, सिपाही पियूषशरण श्रीवास्तव, बहोरन सिंह, गोलू भार्गव शामिल रहे।

टैम्पो पलटने से आठ श्रद्धालु घायल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। श्रद्धालुओं से भरी टैम्पो तेज रफ्तार से स्टेशन की ओर जा रही थी। तेज रफ्तार टैम्पो हाईवे पर बेकाबू होकर पलट गई। इससे आठ श्रद्धालु घायल हो गए। हादसे के बाद चालक टैम्पो छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

ये हादसा सीतापुर चैकी क्षेत्र के राजस्थान मार्बल स्थित हाईवे पर हुआ। बताया गया कि मप्र क्षेत्र के नरसिंहपुर निवासी श्रद्धालु धर्मनगरी दर्शन करने आए थे। वह चित्रकूट से टैम्पो में बैठकर रेलवे स्टेशन जा रहे थे। हाईवे पर बेकाबू होकर टैम्पो पलट गया। इससे श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। सभी लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों में नरसिंहपुर मप्र निवासी सुनीता देवी (26), आरती साहू (32), कमला साहू (60), अनीता साहू (47), सरिता (48), मीरा (60), आशा (12), आस्था (14) घायल हो गए। हादसे की सूचना पर चैकी प्रभारी जर्नादन प्रताप सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज जारी है।

25 खनिज वाहनों से वसूले एक लाख 25 हजार रुपये, बिना नम्बर के वाहनों की जांच का चलाया अभियान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर यातायात प्रभारी मनोज कुमार चैधरी ने खनिज वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के तहत बिना नम्बर प्लेट के 25 खनिज वाहनों का चालान कर एक लाख 25 हजार रुपये शमन शुल्क वसूला।

सोमवार को यातायात प्रभारी मनोज चैधरी ने खनिज वाहनों की बडे पैमाने पर जांच की। जांच दौरान 25 खनिज वाहनों के बिना नम्बर के होने पर चालान कर एक लाख 25 हजार रुपये शमन शुक्ल वसूला। उन्होंने टैम्पो चालकों को यातायात नियमों का पालन करने को कहा। ट्राफिक चैराहे में आटो रिक्शा व टैम्पो आदि खडा न करने के निर्देश दिये। चेताया कि ट्राफिक चैराहे में आटो रिक्शा व टैम्पो आदि खडे पाये गये तो सीधे सीज करने की कार्यवाही की जायेगी। ओवरलोड तथा खनिज से संबंधित वाहनों की बाबत अधिकारियों को आख्या भेजने को कहा। ओवरलोड गाड़ियों की बाबत अभियान जारी रहेगा।

चुनाव से पहले नहीं है विज्ञापन पर प्रतिबंध: डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में नगर निकाय चुनाव को निर्गत आदर्श आचार संहिता के बिंदु संख्या 3(च) के प्रिंट मीडिया की बाबत निर्देश दिये गये हैं।

सोमवार को उन्होंने बताया कि यदि मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले किसी प्रिंट मीडिया में प्रकाशित करने को चुनाव से संबंधित विज्ञापन बुक कर दिया गया है तो इस प्रकार के चुनाव संबंधित विज्ञापन को 48 घंटे की अवधि में भी प्रकाशित किए जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि चार मई को होने वाले प्रथम चरण के मतदान की समाप्ति से 48 घंटे पहले अर्थात दो मई को शाम छह बजे से पहले दिए गए चुनाव संबंधी विज्ञापन को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। इसी प्रकार 11 मई मतदान को प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। इस तरह कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए।

पर्यावरण रक्षण को जागरूकता अभियान शुरू

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पर्यावरण रक्षण अभियान (परी) के तहत मैजिक शो के जरिए जागरूकता अभियान शुरू हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में एमओआईसी डॉ उदय प्रताप सिंह ने हरीझंडी दिखाकर मैजिक शो टीम को रवाना किया। टीम को रवाना करने के पहले डॉ उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मैजिक शो के जरिए पर्यावरण रक्षण के प्रति जागरूकता लोगों के लिए लाभकारी साबित होगी।

सोमवार को उन्होंने कहा कि प्लास्टिक से उपजाऊ जमीन बंजर हो रही है। प्लास्टिक को जलाने पर धुआ से हानिकारक रसायन निकलते हैं। लोगों को हृदय रोग, फेफड़ा की बीमारी व कैंसर फैल रहा है। तमाम नुकसान हो रहे हैं। प्लास्टिक के सीमित उपयोग से ही बचा जा सकता है। ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मदर एंड चाइल्ड डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राजीव पाठक ने बताया कि घर में निकलने वाले धुआ से दमा, हफनी के साथ कई बार आंखों की रोशनी भी चली जाती है। उन्होंने घर से निकलने वाले गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखने को लोगों से अपील की। इस मौके पर डॉ सुधीर शर्मा व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

दो के कब्जे से 40 क्वार्टर देशी शराब बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 40 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। सोमवार को पहाडी थाने के दरोगा त्रिलोकीनाथ की टीम ने छोटवा उर्फ छोटू पुत्र जगप्रसाद निवासी रमयापुर को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा त्रिलोकीनाथ, सिपाही दिलीप कुमार शामिल रहे।

अप्रैल में सावन का नजारा, जलभराव से लोग परेशान

रास्ते से निकलना है दूभर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नगर पालिका क्षेत्र के नव विस्तारित क्षेत्र शोभा सिंह पुरवा में जल निकासी की व्यवस्था न होने से जलभराव की समस्या से लोग खासे परेशान हैं। आलम ये है कि राजपूत स्कूल के पास रघुनंदन व नत्थू यादव के घर के सामने भीषण जलभराव है। गंदा पानी लोगों के घरों में भर गया है।

कल हुई मामूली बारिश के बाद अप्रैल में ही सावन का नजारा दिखाई देने लगा है। क्षेत्र में अनियमित विकास होने से कहीं नाली है तो कहीं सडक नहीं है। ऐसे में लोगों के घर की कच्ची दीवार सीलन के चलते कभी भी

भरभरा कर गिर सकती हैं। बड़ा हादसा हो सकता है। पीड़ित नत्थू यादव ने बताया कि कई बार शासन-प्रशासन से समस्या समाधान को गुहार लगाई है। समस्या का समाधान न होने से वे लोग बेहद परेशान हैं। घरों में विषैले जीव-जंतु भी निकल रहे हैं। सीलन के चलते कभी भी घर गिर सकता है। कोई भी बड़ी घटना हो सकती है। मोहल्लेवासियों ने कहा कि नत्थू हलवाई के घर में बहुत पानी भर गया है। वह लोग कैसे रहेंगे, ये चिंता सता रही है। मोहल्लेवासियों ने समस्या समाधान की जिलाधिकारी से गुहार लगाई है।

काष्ठ कला उत्पाद का हुआ है चयन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। उप आयुक्त उद्योग एसके केसरवानी ने बताया कि प्रदेश शासन ने एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत वित्त पोषण को उद्योग सेवा एवं व्यवसाय क्षेत्र में उद्यम स्थापना शुरू की गई है। जिले में एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत काष्ठ कला उत्पाद का चयन हुआ है। आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। शैक्षिक योग्यता की बाध्यता नहीं है। 25 लाख रुपए तक की परियोजना लागत की इकाइयों को परियोजना लागत का 25 प्रतिशत धनराशि मार्जिन मनी अनुदान के रूप में देय होगी। 25 लाख रुपए से अधिक की परियोजना लागत पर भिन्न-भिन्न दरों में मार्जिन मनी अनुदान देय होगा। योजना के बारे में अधिक जानकारी को कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। सहायक प्रबंधक उमाशंकर के मोबाइल नंबर 888717064 पर संपर्क कर सकते हैं।

तुर्किए की सेना के हमले में मारा गया आईएस का संदिग्ध सरगना अबु हुसैन अल कुरैशी, सीरिया में हुई थी मुठभेड़

वाशिंगटन। तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने बताया कि तुर्किए की खूफिया सिक्योरिटी फोर्सेस के साथ मुठभेड़ में खूंखार आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट का संदिग्ध सरगना अबु हुसैन अल कुरैशी मारा गया है। तुर्किए की खूफिया सिक्योरिटी फोर्सेस और आईएस आतंकियों के बीच सीरिया में मुठभेड़ हुई, जिसमें आईएस सरगना ढेर हो गया। एर्दोगन ने बताया कि तुर्किए की खूफिया फोर्सेस लंबे समय से आईएस सरगना के खिलाफ ऑपरेशन चला रहीं थी।

सीरिया के जानदारिस में हुई मुठभेड़

तुर्किए के मीडिया के अनुसार, यह मुठभेड़ सीरिया के जानदारिस इलाके में हुई। यह इलाका तुर्किए के प्रभाव वाला माना जाता है और तुर्किए समर्थित विद्रोही संगठन इस इलाके में मजबूत हैं। बीती छह फरवरी को आए भूकंप में यह इलाका भी प्रभावित हुआ था। खबर के अनुसार, तुर्किए के सुरक्षा बलों और विरोधी सीरियन नेशनल आर्मी के बीच शनिवार की रात मुठभेड़ शुरू हुई थी, जो कुछ घंटे चली। मुठभेड़ के बाद इस पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

सीरिया-इराक के कुछ हिस्सों पर है आईएस का कब्जा

बता दें कि अल कुरैशी बीते साल नवंबर में ही इस्लामिक स्टेट का सरगना बना था। इस्लामिक स्टेट ने साल 2014 में इराक और सीरिया के कुछ हिस्सों पर अपना कब्जा कर वहां खलीफा कानून को लागू कर दिया था। आईएस के सरगना अबु बकर अल बगदादी ने खुद को खलीफा घोषित कर दिया था। हालांकि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के साथ लड़ाई में आईएस का अधिकार क्षेत्र सिमटता गया। हालांकि अभी भी हजारों आतंकी सीरिया और इराक के विभिन्न इलाकों में छिपे हुए हैं। अमेरिका समर्थित फौजें और कुर्दिश समर्थित फौजें अभी भी आईएस आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन चला रही हैं।

'किंग के प्रति लें निष्ठा की शपथ', ब्रिटेन के लोगों से अपील; कई सांसद नाखुश

लंदन । लंदन के वेस्टमिंस्टर एब्बे में 6 मई को किंग चार्ल्स III का राज्याभिषेक होने जा रहा है। इसके बाद चार्ल्स आधिकारिक तौर पर ब्रिटेन के राजा बन जाएंगे। इस बीच बताया जा रहा है कि राज्याभिषेक देखने वाले लोगों को राजा और उनके उत्तराधिकारियों के प्रति निष्ठा की शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। बता दें, राज्याभिषेक के कार्यक्रम में कई बदलाव किए गए हैं, जिनमें से यह सार्वजनिक प्रतिज्ञा भी शामिल है। हालांकि इससे कुछ सांसद नाखुश हैं। उन्होंने इस फैसले को देश को पीछे ले जाना बताया है।

यह भी बदलाव

आयोजकों के अनुसार, राज्याभिषेक में महिला पादरी एक प्रमुख भूमिका निभाएंगी। बाद में राजा स्वयं प्रार्थना करेंगे। जहां सार्वजनिक प्रतिज्ञा पहली बार आयोजित की जा रही है, वहीं अन्य धर्मों के धार्मिक नेता पहली बार सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा इस बार के राज्याभिषेक में ब्रिटेन में बोली जाने वाली अन्य भाषाओं को भी शामिल किया जाएगा। वेल्श, स्कॉटिश गेलिक और आयरिश गेलिक भाषा में एक भजन गाया जाएगा। बता दें, किंग के शपथ में भी बदलाव किए गए हैं। वह इस बार तीन नई शपथ लेंगे।

यह शपथ लेंगे

जानकारी के अनुसार, ब्रिटेन के सबसे बड़े पादरी मे लोगों से अपील की है कि वह अपने राजा के प्रति शपथ लें। लोग यह कहते हुए शपथ लेंगे कि मैं शपथ लेता हूं कि मैं आपके और आपके उत्तराधिकारियों के प्रति कानून के साथ सच्ची निष्ठा निभाऊंगा। इसमें भगवान मेरी मदद करें। ब्रिटिश राजशाही के उन्मूलन के लिए अभियान चलाने वाले ग्राहम स्मिथ ने कहा कि लोगों के प्रति निष्ठा की शपथ राज्य को लेनी चाहिए न कि इसके उलट। वहीं, ग्रीन के सह-नेता एड्रियन रामसे सहित अन्य नेताओं ने भी इसपर आपत्ति जताई।

यूएस कैपिटल पर दंगे में शामिल व्यक्ति को साढ़े चार साल की जेल, पुलिस पर किया था हमला

वाशिंगटन । यूएस कैपिटल पर दंगे के दौरान पुलिस पर काली मिर्च स्प्रे के हमला करने के मामले में दक्षिणी कैलिफोर्निया के एक व्यक्ति को साढ़े चार साल जेल की सजा सुनाई गई है। अमेरिकी न्याय विभाग के मुताबिक, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों के यूएस कैपिटल पर हमले के दौरान गुंडागर्दी और दुष्कर्म के मामले में सांता एना के 56 वर्षीय जेफरी स्कॉट ब्राउन को संघीय जेल में 54 महीने की सजा सुनाई गई है। अमेरिका के टेक्सास के क्लीवलैंड में शनिवार को एक बंदूकधारी ने गुस्से में पड़ोसियों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इसमें आठ साल के बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। आरोपी की पहचान फ्रांसिस्को ओरोपेजा (38) के रूप में हुई है। आरोपी अपने यार्ड में फायरिंग कर रहा था। उसी दौरान पड़ोसियों ने अपने बच्चे को सुलाने के लिए फायरिंग बंद करने को कहा। कहा सुनी की बाद उसने घर में घुसकर फायरिंग कर दी। लॉस एंजिलिस के एक इलाके में शनिवार रात धुंध के चलते विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

मैक्सिको में बस खाई में गिरी, 18 पर्यटकों की मौत, 11 बच्चों सहित 33 घायल

मैक्सिको सिटी। मैक्सिको में हुए बड़े सड़क हादसे में एक बस खाई में गिर गयी। हादसे में बस में सवार 18 पर्यटकों की मौत हो गयी और 11 बच्चों सहित 33 लोग घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक मैक्सिको के राज्य जलिस्को के गुआडालाजार से एक बस पर्यटकों को लेकर गुआयाबिटोस जा रही थी। नागरिक सुरक्षा अधिकारी पेड्रो नुनेज के मुताबिक बस को 220 किलोमीटर की यात्रा करनी थी। इसी बीच गुआयाबिटोस के समुद्र के किनारे बस अचानक सड़क से उतर गई और खाई में जा गिरी। यह बस समुद्र किनारे रिजॉर्ट क्षेत्र में जा

रही थी। नुनेज ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त पर्यटक बस में सवार सभी यात्री मैक्सिकन नागरिक थे। हालांकि, फिलहाल हादसे के कारणों का पता नहीं चला है।

अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलने के तत्काल बाद आपातकालीन कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर राहत और बचाव का काम शुरू किया। वहीं, घायलों को फौरन अस्पताल भेजने के लिए संघीय और प्रांतीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। कुछ घायलों को हेलिकॉप्टर एंबुलेंस से भी अस्पताल भेजा गया है। हादसे में 11 महिलाओं और सात पुरुषों की मौत हुई है। हादसे में 33 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 11 बच्चे शामिल हैं। घायल बच्चों को गंभीर हालत में अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

नेपाल के राष्ट्रपति पौडेल और सांसद भंडारी इलाज के बाद भारत से काठमांडू लौटे

काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल भारत की राजधानी नई दिल्ली के एम्स अस्पताल से इलाज कराकर वापस लौट आये हैं। पेट में दिक्कत होने पर पौडेल को 19 अप्रैल को एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले जाया गया। डॉक्टर की सलाह के मुताबिक उन्हें इमरजेंसी इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया था। इसी तरह नेपाली कांग्रेस सांसद चंद्र भंडारी भी इलाज के बाद मुंबई से काठमांडू रविवार की रात लौटे। घर में गैस सिलेंडर लीक होने से भंडारी का शरीर पूरी तरह से जल गया था। घटना में उनकी मां की मौत हो गई थी। भंडारी को इलाज के लिए मुंबई ले जाया गया। नेपाल लौटने के बाद भंडारी ने अपना समर्थन करने वाले सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। डॉक्टर ने उन्हें कुछ और महीने आराम करने की सलाह दी है।

पराग्वे में दक्षिणपंथी कोलोराडो पार्टी की जीत, रूढ़िवादी नेता सैंटियागो पेना होंगे नए राष्ट्रपति

एसनशिओन। मध्य दक्षिण अमेरिकी देश पराग्वे में दक्षिणपंथी कोलोराडो पार्टी की जीत हुई है। रूढ़िवादी नेता सैंटियागो पेना कोलोराडो के नए राष्ट्रपति होंगे।

पराग्वे में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में एक बार फिर दक्षिणपंथी कोलोराडो पार्टी का परचम लहराया है। कोलोराडो पार्टी नेता 44 वर्षीय सैंटियागो पेना ने जीत दर्ज की है। सैंटियागो अर्थशास्त्री हैं।

पराग्वे में बीते 76 साल में अधिकतर समय कोलोराडो पार्टी की ही सरकार रही

है। पूरे दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र में जहां वामपंथी सरकारों की सत्ता में वापसी हो रही है, वहीं पराग्वे में अभी भी दक्षिणपंथी राजनीति का दबदबा है। पराग्वे में राष्ट्रपति पद के लिए हुए मतदान में कुल 99 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट दिये थे, जिनमें से 43 प्रतिशत वोट सैंटियागो पेना को मिले हैं।

सैंटियागो पेना ने अपने चुनाव अभियान के दौरान लोगों को नौकरी देने, बिजली की कीमतें कम करने और ड्रग्स कारोबार को खत्म करने जैसे बड़े वादे किए थे। वैसे माना जा रहा है कि पराग्वे में सैंटियागो पेना की जीत के बाद पराग्वे के अमेरिका से संबंध खराब हो सकते हैं।

दरअसल पेना पराग्वे के पूर्व राष्ट्रपति होरासियो कार्टेस के करीबी हैं। कार्टेस पराग्वे की सत्ताधारी कोलोराडो पार्टी के अध्यक्ष हैं। कार्टेस पर आरोप है कि उन्होंने इस्लामिक आतंकी संगठन हिजबुल्लाह को फंडिंग की। साथ ही उन पर चुनावी जीत के लिए लोगों में रिश्वत बांटने का भी आरोप है। पराग्वे में जनरल अलफ्रेडो स्ट्रोइसनर की तानाशाही रही है लेकिन उसके बाद से पराग्वे की सत्ता पर कोलोराडो पार्टी का कब्जा रहा है।

नेपाल और चीन के बीच की तातोपानी क्रॉसिंग को दोतरफा खोला गया

काठमांडू। आठ साल बाद तातोपानी क्रॉसिंग के जरिए नेपाल से चीन को होने वाले निर्यात को खोल दिया गया है। सोमवार को मितेरी ब्रिज के जरिए हस्तशिल्प और मुढा से भरे तीन कंटेनर चीन को निर्यात किए गए। 17 अप्रैल को सुरक्षा अधिकारियों की बातचीत के बाद पर नेपाल और चीन के बीच 6 बिंदुओं तातोपानी क्रॉसिंग को खोलने पर सहमति बनी थी।

नेपाल के बार-बार अनुरोध और द्विपक्षीय वार्ता के बाद सीमा दोनों दिशाओं में खोली गई है। हालांकि तातोपानी कस्टम्स के प्रमुख दयानिधि केसी ने कहा कि नेपाल को सिर्फ 182 वस्तुओं के निर्यात की इजाजत है। इन वस्तुओं में नूडल्स, जड़ीबूटियाँ, हस्तशिल्प, पौधे आदि शामिल हैं। तातोपानी क्रॉसिंग स्थित मितेरी ब्रिज के नेपाल की तरफ से सुरक्षा अधिकारी और सीमा शुल्क अधिकारी मौजूद थे। खासा पक्ष से चीन के अधिकारी भी मौजूद थे। अगर निर्यात खुल जाता है, तो भी नेपाल के लोग बिना वीजा के चीन की सीमा में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। भूकंप से पहले नेपाल के लोग अपना पहचान पत्र दिखाकर चीन के खासा बाजार जा सकते थे। वर्ष 2015 के भूकंप के बाद तातोपानी क्रॉसिंग को बंद कर

दिया गया था। बाद में चीन अपनी ओर से ही नेपाल को माल भेजता था। लेकिन नेपाल से आने वाले माल की क्रासिंग पर रोक लगा दी गई थी। इसके साथ ही नेपाल और चीन के बीच दोतरफा आयात-निर्यात के लिए दो बॉर्डर क्रॉसिंग खोल दिए गए हैं। एक अप्रैल से रसुवागढ़ी क्रॉसिंग को दोनों दिशाओं में खोल दिया गया है।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने आरएसपी अध्यक्ष लामिछाने से सरकार में शामिल होने की अपील की

काठमांडू। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने से सरकार में शामिल होने की अपील की है।

सोमवार को चितवन जिले में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रचंड ने यह भी कहा कि वे लामिछाने की जायज मांगों को पूरा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'सरकार का समर्थन कीजिए, मैं भ्रष्टाचार की कोई भी फाइल खोलने को तैयार हूं।' प्रधानमंत्री प्रचंड ने लामिछाने को अपने आवास बालुवाटार में बुला कर चर्चा की थी। लामिछाने ने संकेत दिया कि सरकार को दिया गया समर्थन वापस लिया जा सकता है। इस पर फैसला लेने के लिए आज आरएसपी की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक हो रही है।

हालांकि, प्रधानमंत्री प्रचंड ने

सोमवार को चितवन जिले में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रचंड ने यह भी कहा कि वे लामिछाने की जायज मांगों को पूरा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'सरकार का समर्थन कीजिए, मैं भ्रष्टाचार की कोई भी फाइल खोलने को तैयार हूं।'

दावा किया कि आरएसपी सरकार को दिया गया समर्थन वापस नहीं लेगी। उन्होंने कहा, 'मुझे समर्थन वापसी की स्थिति नहीं दिख रही है। सरकार में भागीदारी पर चर्चा हो रही है।'

प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद लामिछाने उप प्रधान मंत्री के साथ गृह मंत्री के रूप में सरकार में शामिल हुए थे।

हालांकि, नागरिकता मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लामिछाने की संसद सदस्यता खत्म हुई थी और उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। वे 23 अप्रैल को तीन संसदीय सीटों पर हुए उपचुनाव में चितवन क्षेत्र संख्या 2 से जीतकर संसद में पहुंचे। आरएसपी 21 सीटों के साथ नेपाल की संसद में चौथी सबसे बड़ी ताकत है। वह पुरानी पार्टियों को चुनौती देकर अपनी ताकत बढ़ा रहा है।

चीन से तनाव के बीच बाइडन से मिलेंगे फिलीपीन्स के राष्ट्रपति मार्कोस

वाशिंगटन,। राष्ट्रपति जो बाइडन सोमवार को फिलीपीन्स के अपने समकक्ष फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर की व्हाइट हाउस में मेजबानी करेंगे। दोनों नेताओं की बैठक ऐसे समय में हो रही है जब दक्षिण चीनी सागर में फिलीपीन्स के पोतों की चीनी नौसेना की ओर धमक बढ़ रही है। मार्कोस की वाशिंगटन यात्रा पिछले सप्ताह दोनों देशों के बीच हुए सबसे बड़े युद्धाभ्यास के बाद हो रही है। अमेरिका और फिलीपीन की वायुसेनाएं सोमवार को 1990 के बाद से पहली बार संयुक्त लड़ाकू प्रशिक्षण शुरू करेंगी। फिलीपीन्स ने इस साल अमेरिका को अपने चार सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने की अनुमति दी है।

वाशिंगटन रवाना होने से पहले मार्कोस ने कहा कि वह अमेरिका के साथ विस्तृत क्षेत्र में संबंधों को मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं, जो न केवल हमारे समय की चिंताओं का समाधान करेगा बल्कि हमारे अहम मूल हितों को भी साधेगा। गत 10 साल में मार्कोस फिलीपीन्स के पहले राष्ट्रपति हैं जो अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे।

खुफिया दस्तावेज लीक: पाकिस्तान की मंत्री ने कहा, दो नावों पर पैर रखकर चलना ठीक नहीं

इस्लामाबाद। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर वायरल अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के गोपनीय दस्तावेजों में पाकिस्तान के दस्तावेज भी शामिल हैं। इन लीक खुफिया दस्तावेजों में पाकिस्तान की विदेश राज्यमंत्री हिना रब्बानी खार ने पाकिस्तान को दो नावों पर पैर रखकर चलने पर आगाह किया था।

इस मेमो का शीर्षक 'पाकिस्तान के मुश्किल विकल्प' था। इसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान को पश्चिम को खुश करने से बचना चाहिए। अगर पाकिस्तान अमेरिका के साथ साझेदारी बनाए रखता है तो उसे चीन से मिलने वाले बड़े फायदे को त्यागना होगा। उसे चीन के साथ उसकी वास्तविक रणनीतिक साझेदारी को त्यागना होगा।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के बड़े नेताओं के ऑडियो पहले भी लीक हुए हैं, लेकिन हिना रब्बानी खार का खुफिया मेमो कैसे लीक हुआ और यह अमेरिका के पास कैसे पहुंचा, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। सवाल ये भी उठ रहे हैं कि आखिर अमेरिका की जड़ें पाकिस्तानी शासन के अंदर कितनी गहरी हैं कि वह देश के अत्यंत गोपनीय और संवेदनशील जानकारियां भी आसानी से पा लेता है।

नेपाल में सीपीएन (यूएमएल) अध्यक्ष और राजशाही समर्थकों के बीच टकराव बढ़ा

काठमांडू। नेपाल में सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली और राजशाही के समर्थकों के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। राजशाही समर्थकों और ओली के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो रहा है।

सीपीएन (यूएमएल) समर्थित किसान संघ के कार्यक्रम में ओली ने राजशाही समर्थकों को दलाल बताते हुए कहा, 'राजशाही को केवल दलाल, मूर्ख, मूर्ख, स्वार्थी, अज्ञानी ही मानते हैं।' ओली की इन टिप्पणियों के बाद राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ ने सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें अपना बयान तुरंत वापस लेने के लिए कहा। श्रेष्ठ ने

तर्क दिया कि ओली ने भी पूर्व में राजशाही स्वीकार की थी, तो वह भी दलाल और मूर्ख हैं। पिछले हफ्ते ओली ने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह को कड़ी चेतावनी देते हुए चुप रहने को कहा था। शाह की ओर से संवाद सचिवालय ने बयान जारी कर ओली को मर्यादा में रहने को कहा है। पिछले कुछ समय से नेपाल में पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह और उनके समर्थकों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। ओली को पूर्वी जिले के एक कार्यक्रम में विरोध का सामना करना पड़ा और उन्होंने इसके लिए राजसत्ता समर्थकों को जिम्मेदार ठहराया। दरअसल, नेपाल में 28 मई, 2008 को राजशाही का अंत हुआ और गणतंत्र की स्थापना हुई। इसके बाद आरपीपी के अलावा मुख्यधारा की किसी भी पार्टी ने राजशाही और हिंदू राष्ट्र का मुद्दा नहीं उठाया। हालांकि, राजशाही समर्थकों के संगठित होने से प्रधान मंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड, विपक्षी यूएमएल अध्यक्ष केपी ओली और अन्य शीर्ष नेताओं को खतरा दिखाई देने लगा है।

एडीबी की सालाना बैठक में भाग लेने दक्षि□कोरिया जाएंगी सीतारम ण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण दक्षिण कोरिया में 2-5 मई को आयोजित चार दिवसीय एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के 56वीं वार्षिक आम बैठक में भाग लेंगी। वित्त मंत्री के साथ एक भारतीय प्रतिनिधि मंडल का प्रतिनिधित्व भी करेंगी। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री एडीबी के निदेशक मंडल की 56वीं वार्षिक आम

बैठक में भाग लेने के लिए आज रात दक्षिण कोरिया रवाना होंगी। सीतारमण इस दौरान इंचियोन में निवेशक, द्विपक्षीय और अन्य संबंधित बैठकों में भाग लेंगी। वित्त मंत्री के साथ जाने वाले इस प्रतिनिधिमंडल में आर्थिक मामलों के विभाग, वित्त मंत्रालय के अधिकारी शामिल हैं।

मंत्रालय के मुताबिक वित्त मंत्री दक्षिण कोरिया के चार दिवसीय अपनी यात्रा के दौरान वैश्विक अर्थशास्त्रियों, एडीबी सदस्य देशों के गवर्नरों और वित्त मंत्रियों के साथ बातचीत भी करेंगी। इसके अलावा सीतारमण गोलमेज सम्मेलन में वैश्विक व्यापार जगत के नेताओं और निवेशकों के साथ बातचीत करेंगी। इस बैठक में एडीबी के सदस्य देशों के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ-साथ प्रर्यवेक्षक, गैर सरकारी और सिविल सोसायटी संगठन, मीडिया, वित्तीय संस्थान, बैंक और निजी कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।